# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–170 । सागर, सोमवार, 7 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

भूमि आरक्षित है, खुरई में मेडिकल कॉलेज भी बनेगा: लखन सिंह पृष्ठ 2

▪ लोकसभा की विश्वनीयता का सवाल
▪ राहुल गांधी की सजा पर रोक से भाजपा-संघ को झटका पृष्ठ 4

▪ भाजपा से टिकिट को लेकर आश्वस्त राहुल सिंह 6

गढ़पहरा में बनेगा रोपवे, 121 करोड़ से जिले के ब्लैक स्पॉट होंगे खत्म: सांसद 8

प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना के तहत देशभर के 508 रेल्वे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

विपक्ष पर साधा निशाना

# न खुद कुछ करते हैं, न करने देते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की भलाई के लिए जो कुछ भी कर रही है, उस पर विपक्ष को आपत्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के कहा कि दुर्भाग्य से हमारे देश में विपक्ष का एक वर्ग आज भी पुराने तरीकों पर ही चल रहा है। आज वे न तो खुद कुछ करेंगे और न ही किसी और को कुछ करने देंगे। मोदी ने कहा कि देश ने एक आधुनिक संसद भवन बनाया। संसद देश के लोकतंत्र का प्रतीक है। इसमें सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष का भी प्रतिनिधित्व है, लेकिन विपक्ष के इस वर्ग ने नए संसद भवन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमने कर्तव्य पथ का पुनर्विकास किया लेकिन उन्होंने इसका भी विरोध किया। मोदी ने कहा कि 70 वर्षों तक, उन्होंने देश के बहादुरों के लिए एक युद्ध स्मारक भी नहीं



बनाया। जब हमने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बनाया, तो उन्हें इसकी भी आलोचना करने में कोई शर्म नहीं आई। सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। हर भारतीय को इस पर गर्व है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के किसी भी बड़े नेता ने कभी प्रतिमा का दौरा नहीं किया लेकिन नकारात्मकता से ऊपर उठकर, हम एक मिशन के रूप में सकारात्मक राजनीति की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने पुनर्विकास परियोजना के बारे में बोलते हुए कहा, प्रत्येक अमृत स्टेशन शहर की आधुनिक आकांक्षाओं और प्राचीन विरासत का प्रतीक बन जाएगा। मोदी ने विपक्षी महागठबंधन इंडिया पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इन बुरी ताकतों से भारत छोड़ने का आह्वान कर रहा है।

मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ का जिक्र करते हुए कहा कि यह महीना क्रांति का महीना है, कृतज्ञता का महीना है। यह कर्तव्य का महीना है। अगस्त में इतने ऐतिहासिक दिन आते हैं, जिन्होंने भारत के इतिहास को एक नई दिशा दी और आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने आगे कहा 7 अगस्त को पूरा देश राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाएगा। यह तारीख हर भारतीय के लिए स्थानीय लोगों के लिए मुखर होने के संकल्प ▪ **शेष पृष्ठ 6 पर**

संत हिरदाराम नगर में कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल बोले-

## प्रधानमंत्री ने छप्पर फाड़ दी सौगात




**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेलप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आभासी माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास कार्यक्रम में संत हिरदाराम नगर शामिल हुए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम-जन को रेलवे के कायाकल्प की छप्पर फाड़ सौगात दी है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह पहला प्रसंग है, जिसमें 25 हजार करोड़ रूपये के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 34 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास किये जाने के लिए मध्यप्रदेश की समस्त जनता के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत समस्त कार्य उच्च गुणवत्ता और निश्चित समय सीमा में पूरे किए जाये। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित स्टेशनों के भवन सुधार और ▪ **शेष पृष्ठ 6 पर**

मुख्यमंत्री विदिशा में हुए कार्यक्रम में शामिल, कहा-

## प्रदेश को विकसित बनाएगी डबल इंजन सरकार

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश और प्रदेश में विश्वस्तरीय अधोसंरचना विकसित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि केंद्र और मध्यप्रदेश की



डबल इंजन सरकार मध्यप्रदेश में विकास और समाज के सभी वर्गो के कल्याण के कार्यों से प्रदेश को विकसित बनाएगी। श्री चौहान विदिशा से प्रदेश के 34 रेल्वे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रेल्वे स्टेशनों की काया बदलने से प्रदेश को समृद्ध और अधोसंरचनात्मक नया स्वरूप मिलेगा। विदिशा के स्टेशन का 28 करोड़ रूपये से कायाकल्प होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार और सरकार में फर्क होता है। वर्ष 2014 में जहा मध्यप्रदेश के लिए रेल का बजट मात्र 632 करोड़ होता था, उसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगभग 21 गुना यानी 13 हजार 607 करोड़ रूपए किया ▪ **शेष पृष्ठ 6 पर**

## छाता सुधारने वाली दुर्गा बाई से मिले मुख्यमंत्री, 50 हजार की सहायता दी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा के रेलवे स्टेशन माधवगंज पर इंदौरी पान भंडार की दुकान पहुँचे। दुकान के समीप लुंहागी मोहल्ला निवासी श्रीमती दुर्गाबाई वंशकार छाता मरम्मत का कार्य कर रही थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें देखते ही उनके पास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दुर्गाबाई से उनका हाल-चाल पूछा। श्रीमती दुर्गावाई वंशकार ने अपनी जीविका उपार्जन की पीड़ा मुख्यमंत्री को बताई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रीमती दुर्गाबाई वंशकार को स्वेच्छानिधि से रोजगार के लिए 50 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि तत्काल देने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने सौंपा चेक

मुख्यमंत्री के निर्देश के कुछ देर बाद कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पचास हजार रूपये का चेक श्रीमती दुर्गाबाई पत्नि मुकेश वंशकार को सौंपा। दुर्गाबाई ने मुख्यमंत्री को बताया कि लाड़ली बहना के 1000 रूपये मिल रहे हैं। पहले 600 रूपये पेंशन मिलती थी अब 1000 रूपये मिल रहे हैं।

अंबुजा-एसआईएल सौदे में गड़बड़ी का आरोप लगाया

## अडाणी के लिए एजेंसी का किया जा रहा दुरुपयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने इस महीने की शुरुआत में गुजरात स्थित सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड नामक एक अन्य सीमेंट कंपनी का अडाणी ग्रुप के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स द्वारा अधिग्रहण में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया है। कांग्रेस का भारतीय अरबपति पर यह सबसे नवीनतम हमला है। कांग्रेस ने बयान जारी किया, जिसमें इस सप्ताह की शुरुआत में अडाणी ग्रुप और एसआईएल के बीच हुए 295 मिलियन डॉलर के सौदे के बारे में बात कही गई है। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के मीडिया प्रभारी, जयराम रमेश के अनुसार, दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा सीमेंट पर आयकर छापे के एक महीने बाद हुआ, जो कंपनी एसआईएल का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत कर रही थी। रमेश ने कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा कि हवाई अड्डों, बंदरगाहों और हाल ही में



सीमेंट जैसे क्षेत्रों में, बेशकीमती संपत्तियों के लिए अडाणी के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली कंपनियों को सीबीआई, ईडी और आयकर छापे का सामना करना पड़ा है, जिसने उन्हें अपनी बोलियों के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। इसके कारण अधिकतर संपत्ति अंततः अडाणी के पास चली गई है। इसमें कहा गया है कि यह पीएम के पसंदीदा व्यवसायी द्वारा राज्य पर कब्जा करने का एक उदाहरण है। सरकार द्वारा अडाणी को राष्ट्रीय स्तर पर चोरी के लिए प्रोत्साहित और सुविधा प्रदान की जा रही है। कच्छ के सांघीपुरम में सांघी ग्रुप की यूनिट कथित तौर पर क्षमता के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी एकल-स्थान सीमेंट और क्लिंकर यूनिट है। क्लिंकर सीमेंट के निर्माण के दौरान बनाया गया एक उत्पाद है।

एएसआई के सर्वे में दीवारों की हुई थ्री-डी फोटोग्राफी

## ज्ञानवापी की गुंबद में मिलीं कलाकृतियां

**वाराणसी, एजेंसी।** ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। एएसआई ने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवाई और एग्जॉस्ट लगवाए। इसके बाद सर्वे शुरू किया। ज्ञानवापी के तीनों गुंबदों और परिसर का सर्वे हुआ। एएसआई ने व्यास तहखाने में पैमाइश की। दीवारों की 3-डी फोटोग्राफी, स्कैनिंग करवाई। चार्ट में दीवारों पर मिली कलाकृतियों के पॉइंट्स नोट किए।

**अब जीआरपी मशीन के सर्वे पर फोकस**- सूत्रों ने बताया कि जीआरपी सर्वे के लिए आईआईटी की एक्सपर्ट टीम पहुंच चुकी है। माना जा रहा है कि दो दिन बाद ज्ञानवापी परिसर में जीआरपी मशीन लगाई जाएगी। इसके बाद टीम सर्वे के अगले चरण में पहुंचेगी। कानपुर आईआईटी के दो जीआरपी एक्सपर्ट भी सर्वे टीम के साथ थे। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में जीआरपी मशीन से सर्वे शुरू हो सकता है। टीम ने 12.30 बजे लंच और नमाज के लिए ब्रेक लिया। 2.30 बजे से दोबारा सर्वे शुरू किया गया। इसके बाद शाम 5 बजे तक सर्वे का काम हुआ। मुस्लिम पक्ष ने जल्द ही मुख्य तहखाने की चाबी देने की बात कही है। चौथे दिन एएसआई टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में कई डिजाइनें मिली हैं। हॉल में ही तीनों गुंबद सीलिंग में टीम को कई डिजाइनें दिखीं। इनकी एक-एक करके फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। इस हॉल में अब तक मंदिरों में दिखने वाले 20 से अधिक आले (दीवार में बनी अलमारी, इसे पूर्वांचल में ताखे कहते हैं) भी दिखे हैं। आलों की संरचना और उनके आसपास उभरे चिह्नों की थ्री-डी मैपिंग भी हुई। हिंदू पक्ष ने कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। गुंबद के पूरे सर्वे में अभी समय लगेगा, मगर सीलिंग की डिजाइन ने हमारा उत्साह बढ़ा दिया है।

### 2 सितंबर तक कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी रिपोर्ट

पूरी ज्ञानवापी बिल्डिंग को एक बार में देखने के लिए सैटेलाइट के जरिए 3 डी इमैजिनेशन तैयार किया जा रहा है। इसमें टीम दीवारों की 3 डी इमेजिंग, मैपिंग और स्क्रीनिंग भी करेगी। रविवार को एएसआई से 58 लोग, हिंदू पक्ष से 8 लोग और मुस्लिम पक्ष से 3 लोग मौजूद हैं। वहीं, जिला कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अजय कुमार विश्वेश की अदालत ने आदेश दिया कि एएसआई को अपनी सर्वे रिपोर्ट 2 सितंबर तक सब्मिट करनी होगी।


### एएसआई टीम पर दबाव बना रहा हिंदू पक्ष : यासीन


अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने कहा कि एएसआई टीम पर दबाव बनाने के लिए हिंदू पक्ष के वादी बयानबाजी कर रहे हैं। प्रशासन को हिंदू पक्ष के वादियों की बयानबाजी पर नजर रखनी चाहिए। हिंदू पक्ष के वादियों के बयानों पर रोक न लगी तो कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेंगे।

राज्यसभा में आज पेश होगा दिल्ली सेवा बिल

# लोकसभा के बाद अब राज्यसभा की बारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश को आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा। इस बिल पर कल सदन में चर्चा हो सकती है। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने बताया कि 7 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली अध्यादेश बिल को राज्यसभा में पेश करेंगे। बता दें कि दिल्ली अध्यादेश वाले बिल को पहले ही लेकसभा से पास कराया जा चुका है। राज्यसभा से पास होने के बाद यह मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा जहां से पास होते ही यह कानून बन जाएगा। केजरीवाल ही नहीं केंद्र सरकार के लिए भी यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।





### राज्यसभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा बिल

सबसे पहले दिल्ली अध्यादेश बिल को लोकसभा से आसानी से पास करा लिया गया। इस बिल पर चर्चा के बाद हुए मतदान में विपक्ष को असफलता हाथ लगी। बिल को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। अमित शाह इस बिल को पेश करेंगे। चर्चा के बाद मतदान होगा जिसके बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा जाएगा। वहां से अप्रूवल के बाद एक गैजेट जारी होगा जिसके बाद यह पूरी तरह से कानून की शक्ल ले लेगा। विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी विधेयक पर चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं। विपक्षी एकता की मुहिम से दूरी बनाने वाले दलों बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआरसीपी ने उच्च सदन में विधेयक का समर्थन करने की घोषणा की है। इसके अलावा बसपा ने राज्यसभा में मतदान से अनुपस्थित रहने का फैसला किया है। इन दलों के समर्थन के बाद उच्च सदन में भी विधेयक के पारित होने का रास्ता साफ हो गया है।।

**केंद्र सरकार के लिए यह अग्निपरीक्षा**- केंद्र सरकार के लाए दिल्ली अध्यादेश का सबसे ज्यादा विरोध सीएम केजरीवाल रहे हैं। यह बिल दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। इसके बाद केजरीवाल सरकार सीधे फैसला न लेकर एलजी से परमिशन लेनी होगी। इस बिल को राज्यसभा में गिराने के लिए सीएम केजरीवाल अब तक सभी विपक्षी पार्टियों से मुलाकात कर चुके हैं। सोमवार का दिन उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी। सत्ता पक्ष के लिए यह भी किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। इससे पहले तीन अगस्त को राजधानी दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण मामले में उपराज्यपाल के फैसले को अंतिम माने जाने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित कर दिया गया था। विधेयक पर हुई चाढ़े चार घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि था विपक्ष को देशहित, दिल्ली के हित की चिंता नहीं बल्कि गठबंधन बचाने की चिंता है। उन्होंने पूछा था कि आज विपक्ष को मणिपुर हिंसा की याद क्यों नहीं आ रही? विपक्ष आज प्रधानमंत्री को सदन में बुलाने की मांग क्यों नहीं कर रहा? इससे पहले भी जब नौ विधेयक पारित हुए, तब विपक्ष ने चर्चा में हिस्सा क्यों नहीं लिया। नंबर गेम की बात करें तो बीजेपी के पास 238 में से 92 सांसद हैं। बिल को पास कराने के लिए 119 सांसदों का सपोर्ट चाहिए। खबर यह है कि वाईएसआर और बीजू जनता दल के पास 9-9 सांसद हैं। एनडीए के बाकी सहयोगियों की बात करें तो एआईएडीएमके के पास 4, आरपीआई के पास, टीडीपी के पास 1, असम गण परिषद के पास 1, पट्टाली मक्कल काची के पास 1, तमिल मनीला कांग्रेस के पास 1, एनपीपी के पास 1, एमएनएफ के पास 1 और यूपीपी के पास 1 सांसद हैं। विपक्ष में कांग्रेस के 31 सांसद हैं। विपक्षी पार्टियों की बात करें तो कांग्रेस के अलावा टीएमसी के 1, आम आदमी पार्टी के 10, डीएमके के 10, सीपीआई एम के 5, जेडीयू के 5, शिवसेना (यूबीटी) के 4, एनसीपी(शरद पवार गुट) के 3, जेएमएम के 2, सीपीआई के 2, आईयूएमएल केरल कांग्रेस के 1, आरएलडी के 1 और एमडीएमके के 1 सासंद हैं।

### एनडीए व इंडिया गंठबंधन ने जारी किया व्हिप

आम आदमी पार्टी ने अपने सभी राज्यसभा सांसदों को 7 और 8 अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी की है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसदों को सोमवार, 7 अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम में संशोधन कर अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण पर फैसला लेने के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है। प्राधिकरण में मुख्यमंत्री को भी शामिल किया गया है। हालांकि, इस मामले में फैसला लेने का अंतिम अधिकार उपराज्यपाल को दिया गया है।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर जागरूकता को देश के 26 शहर एकजुट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (6 अगस्त 1994 को चेन्नई में गठित) ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का रविवार को आयोजन किया। इस अवसर पर देश भर के 26 शहरों में 'अंगविच्छेद मुक्त भारत' के थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया- 'एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ'। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा।

### इंडिगो की फ्लाइट में डेढ़ घंटे बंद रहा एसी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** इंडिगो की जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट में शनिवार को एसी बंद हो गया। पूरे सफर के दौरान एसी नहीं चला और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। लोग हाथ से हवा करते हुए दिखाई दिए। एयर होस्टेस ने पैसेंजर्स को पसीना पोंछने के लिए टिश्यू पेपर बांटे। फ्लाइट ने सुबह 10:17 बजे चंडीगढ़ से उड़ान भरी और एक घंटे 22 मिनट का सफर पूरा कर करीब 11:39 बजे जयपुर पहुंची। पूरे सफर के दौरान एसी बंद रहा। घटना का वीडियो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शेयर किया है।

### एनआईए की भोपाल में दस ठिकानों पर छापेमारी

**भोपाल, देशबन्धु।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने रविवार तड़के चार बजे भोपाल में 10 अलग-अलग जगहों पर दबिश दी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान 10 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें जहांगीराबाद इलाके से महिला और उसके देवर को भी एनआईए ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। 11 घंटे की पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए को दिल्ली में दर्ज एक पुराने मामले से जुड़े संदिग्धों के भोपाल में छिपे होने की सूचना मिली थी। यह इनपुट मामले के एक अन्य आरोपी से हुई पूछताछ में मिला था, जो छत्तीसगढ़ से जुड़ा है। टीम इसी आरोपी को लेकर देर रात भोपाल पहुंची थी।

### बीएसफ जवानों ने 1.10 करोड़ के सोने के बिस्कुट पकड़े

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीएसएफ के जवानों ने रविवार को सोने के 15 बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बिस्कुटों का कुल वजन 1831.95 ग्राम है। इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपए है। बीएसएफ के अनुसार खुफिया विभाग से जवानों सूचना मिली थी कि उनके इलाके से सोने कि तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर जवानों ने फिरोजपुर गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक चलाकर आते हुए देखा। बोयराघाट सीमा चौकी पर जवानों ने उसे रोका। उससे सोने कि तस्करी के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वह घबरा गया और और उसने अपनी मोटरसाइकिल के निचले हिस्से (चैन कवर के पास बनी कैविटी) में सोना छुपाने की बात स्वीकार की। बीएसएफ के जवानों ने तस्कर को मौके पर ही उसे अरेस्ट कर लिया। सीमा चौकी में आकर जवानों ने बाइक के उक्त पार्ट्स को खोला जहां तस्कर ने सोना छुपा रखा था। उसके बाद तस्कर को भेद खुल गया और सोना सामने आ गया।

### राज्यपाल ने अब 'पीस ट्रेन' शुरू करने रेल विभाग से की बात

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इंट्रा-स्टेट 'पीस ट्रेन' शुरू करने के लिए रेलवे विभाग के साथ बातचीत शुरू कर दी है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में हिंसा और खून-खराबे की शिकायतों के समाधान के लिए राज्यपाल ने राजभवन परिसर में 'पीस रूम' खोलने की पहल की थी। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल के प्रस्ताव में कहा गया है कि 'पीस ट्रेन' कोलकाता के सियालदह स्टेशन से दार्जिलिंग जिले के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल दोनों को कवर करते हुए शांति का संदेश देगी। हाल ही में, राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से कहा कि 'भ्रष्टाचार' और 'हिंसा' पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दो सबसे बड़े दुश्मन हैं। राज्यपाल ने हाल ही में राज्य में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार पर जनता की शिकायतों के समाधान के लिए राजभवन परिसर में एक 'भ्रष्टाचार विरोधी कक्ष' खोलने की पहल की है।।

## सार-समाचार

### संयोग और वियोग दोनों जीवन में होता हैः मुनि

**खुरई, देशबन्धु।** प्राचीन जैन मंदिर में विराजमान मुनिश्री समयसागर ने प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हम देखते हैं कि किसी के पास धन पैसा है तो ज्ञान नहीं है। किसी के पास बुद्धि है तो शरीर ठीक नहीं है। किसी के पास में अगर धन पैसा है तो बेटा नहीं है, और अगर बेटा है तो शराबी निकल गया है। इधर सद्भाव है और उधर अभाव भी है और इन दोनों के बीच में हम कोई सामंजस्य नहीं बिठा पाते हैं। क्षण भर को और लोगों की तरफ देखते हैं कि और लोगों की अपेक्षा मेरे बेटा तो है कम से कम, तो जरा दिलासा मिलती है, मगर अगले ही क्षण देखता हूं कि बिगड़ गया है। संस्कार विहीन है। अगले ही क्षण मझे फिर दुःख घेर लेता है। मैं सामंजस्य नहीं कर पाता हूं। जाने कितनी चीजें है जिनका कि मुझे सद्भाव है, जिनका कि मुझे अभाव है। अतः अब चीजों के बीच में, मैं क्या करूं, कैसे अपने जीवन को आगे ले जाऊं जिससे कि मैं अपने कर्त्तव्य से विमुख ना हो पाऊं। बस इतना ध्यान रखना है क्योंकि इन चीजों का संयोग और वियोग दोनों जीवन में होता है और उस संयोग-वियोग के गुणा-भाग में, मैं अपने कर्त्तव्य से विचलित हो जाता हूं। इन चीजों का जब संयोग होता है तब भी मैं विचलित हो जाता हूं। इन्हीं में रच-पच जाता हूं और अपने कर्त्तव्य को भूल जाता हूं। जब इन चीजों का वियोग होगा, कल के दिन तब इनकी चिन्ता में कि कैसे इनका फिर से संयोग हो, मैं अपने कर्त्तव्य से विमुख होकर फिर इसी जुगत में रहूंगा कि कैसे इन सबका फिर से संयोग हो और यही मैं पूरे जीवन करता रहता हूं। प्रवचन सभा का संचालन सुनील पिठौरिया एवं अशोक शाकाहार ने किया।



### दो दिवसीय प्रवास पर रहें लोधी लोधा राजपूत महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष



**गौरझामर, देशबन्धु।** संपूर्ण मप्र सहित सागर के देवरी विधानसभा के विकासखंड केसली में अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा संगठन विस्तार कार्य चल रहा है जिसके तहत सागर में राष्ट्रीय अध्यक्ष का दो दिवसीय प्रवास दौरा रहा जिसका मुख्य उद्देश्य है समाज को संगठित करना साथ ही सत्र 2023 आगामी विधानसभा चुनाव में जो भी पार्टी टिकिट देगी उस राजनैतिक पार्टी का हमारे संगठन द्वारा पूर्ण समर्थन दिया जायेगा। देवरी विधानसभा के विकासखंड केसली दौरे पर निकले राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी रामगोपाल सिंह राजपूत जिनका ग्राम खैरी, ग्राम टड़ा में स्वागत सम्मान किया गया साथ ही विकास खंड केसली एवं देवरी में व्याप्त शोक परिवारों के यहां पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारीगणों से संगठन समाज समुदाय उत्थान हेतु विस्तृत चर्चा की गई। जनपद सदस्य संदीप सिंह लोधी के निवास पर समाज समुदाय संगठन पदाधिकारीगणों के साथ शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इसके साथ साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्रवासियों को पद कार्यवाहक नियुक्त किये जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशचन्द्र लोधी गुड्डू भैया अमोदा की अध्यक्षता में सागर संभागीय युवा अध्यक्ष अरविंद लोधी पटना, जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी सहजपुरी, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद लोधी सिलारी, नगर जिला अध्यक्ष अमन सिंह बांदरी को नियुक्त किया गया सभी नव नियुक्त पदाधिकारीगणों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

### मंडी परिसर में विधायक कप कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**देवरीकलां, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विधायक कप कबड्डी टूर्नामेन्ट का 5 वां भव्य शुभारंभ देवरी मण्डी परिसर में होगा। प्रतियोगिता में देवरी एवं केसली विकासखण्ड की बालक एवं बालिका वर्ग की लगभग 100 टीमे शिरकत कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हर्ष यादव करेगे। 7 से 11 अगस्त चलने वाले विधायक कप कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र देवरी और केसली के नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र की बालक और बालिका खिलाड़ियो की टीमे सम्मलित होगी। प्रतियोगिता के संबंध में विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक कप कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता में आयु का कोई बंधन नही है, विधायक कप खेल प्रतियोगिता का उदेश्य खेल गतिविधियों के व्यापक प्रचार प्रसार एवं खेलों में जन प्रतिनिधियों के माध्यम से युवाओ को सहभागी बनाने के लिये वर्ष 2023-24 में पूर्वानुसार देवरी विधानसभा मे खिलाड़ियो को खेलों में आगे बढाने के लिये, विधायक हर्ष यादव युवा बालक बालिका खिलाड़ियो के लिये विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे है। विधायक कप कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक बालक और बालिका टीम को टी शर्ट, मेडल, प्रमाण पत्र विधायक द्वारा प्रदाय की जायेगी एवं विधायक कप विजेता टीम को 21000, उपविजेता टीम 11000 और तीसरे स्थान टीम को 5100 रूपये, ट्राफी, मेडल, प्रमाण पत्र दिये जायेंगें। विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी टीम के पंजीकरण हेतु खेल और युवा कल्याण विभाग देवरी और केसली विकासखंड समन्वयक से सम्पर्क कर सकते है।



**सागर, देशबन्धु।** देव राम मंदिर पीतल फैक्टरी न्यू कॉलोनी में शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास नवीन बिहारी भाई द्वारा रविवार को भगवान शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा में जजमान कृष्ण कुमार व्यास, अजय जैन, भूपेंद्र घोषी एवं संजू घोषी एंड कंपनी सागर एवं समस्त पीतल फैक्टरीवासी उपस्थित थे।

# भूमि आरक्षित है, खुरई में मेडिकल कॉलेज भी बनेगाः लखन सिंह

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 3182 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह के सेवा भाव से प्रेरित होकर आज यहां राय हॉस्पिटल के संयोजन में यह निःशुल्क शिविर लगाया गया है। जिसमें लगभग 20 विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच कर उनका उपचार कर रही है। शिविर में उपस्थित शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने पूरे विधानसभा में विकास कार्यों के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए हैं। खुरई के मेडिकल कॉलेज के लिए जगह आरक्षित करके रखी है, इसके लिए वह निरंतर प्रयास कर यह सब वही डॉक्टर हैं जिन्होंने अपना जीवन दाव पर लगाकर कोरोनाकाल मे लोगों की मदद और इलाज किया है, यह किसी को कभी नहीं भूलना चाहिए। यह बात खुरई के मंत्री कार्यालय में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने कही। शिविर में मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों का रहे हैं, आने वाले समय में खुरई में मेडिकल कॉलेज भी बनेगा। लोगों को पता नहीं रहता है कि हमें क्या बीमारी या परेशानी है, अब जांच हुई तो पता चला कि क्या बीमारी है, तो बीमारी के हिसाब से इलाज होगा। ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगते रहना चाहिए। जिससे लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिविर में व्यवस्थित अलग काउंटर लगाकर लोगों की निःशुल्क जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में आए मरीजों की जांचें कर उन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनमें कैंसर, हड्डी, हर्निया, अपेंडिक्स, पथरी, गाल ब्लैडर, पेट के ऑपरेशन, नाक, कान, गला एवं हृदय से संबंधित रोगों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगें। शिविर में कुल 3182 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया, 2853 निःशुल्क दवाएं वितरित की गई, लगभग 1800 लोगों के ब्लड प्रेशर, 820 लोगों की आरबीएस, 712 की ईसीजी, 102 की इको, 378 की सोनोग्राफी, 49 की यूरोफ्लोमेट्री की निःशुल्क जांचें की गईं। शिविर में जांच उपरांत ऑरेशन के लिए 114 मरीजों को चिन्हित किया गया।

# समरसता यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत, मंत्री प्रतिनिधि हुए शामिल



**मालथौन, देशबन्धु।** सागर के बड़तूमा में सौ करोड़ लागत से संत रविदास का मंदिर व समरसता लोक का निर्माण होना है जिसका भूमि पूजन करने के लिए 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे है। जिसको लेकर समरसता यात्रा गांव-गांव से निकाली जा रही हैं। समरसता यात्रा खुरई विधानसभा क्षेत्र के परसोन ग्राम से अनेक ग्रामो से होती हुई शाम को मालथौन नगर में पहुंची प्रवेश पर कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह नगरवासियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा डीजे, गाजे बाजे के साथ निकली गई। रथ में गांव गांव से मिट्टी और जल संग्रहण किया गया। आयोजित दस दिवसीय समरसता यात्रा अपने छटवें दिवस मालथौन मण्डल के ग्राम परसोन से प्रारंभ होकर लोधी सेमरा, बमनोरा, पतीखेड़ा, कुआखेडा, देवपुरा, बम्होरी, खिरिया कलां, सेमरा, हरदौट, शंकर खिरिया, सीपुरखास, कुंवरपुरा, बेसरा अण्डेला से मालथौन नगर में पहुंची। बस स्टैंड पहुंची वहां से मुख्य बाजार रोड़ होते नया बाजार से वार्ड दो से तालाब रोड पहुंची वहां वार्ड 8 स्थित रविदास मंदिर पहुंची जहां यात्रा का समापन पर मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने यात्रा को संबोधित करते सभी को 12 अगस्त को संत रविदास के मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में आवश्यक पधारे आप सभी आमंत्रित है। इस अवसर पर पदाधिकारी, बड़ी संख्या में महिलाएं सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# व्हाट्सएप वा फेसबुक की दोस्ती बड़ी घातक होती है मित्रता करने के पहले चिंतन जरूरीः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जीव का शत्रु पाप है और पुण्य मित्र है। दोस्त होली के रंग नहीं जो कपड़ो में दाग लगते हैं, बल्कि दोस्त तो उसे साबुन की तरह है, जो होली के रंग को धो-धो कर साफ किया करते हैं। मित्रता दिवस पर मुनिश्री विचार प्रकट कर रहे थे। मुनिश्री ने कहा मित्र तो हाथ वा आंख की तरह होना चाहिए जैसे चोट तो हाथ पर लगती है, पर रोती आंख है और जब आंख रोती है, तो हाथ उसके आंसू पोछता है। मित्रता करने के पहले गहरा चिंतन कर लें, व्हाट्सएप वा फेसबुक की दोस्ती बड़ी घातक होती है, कहीं ऐसी दोस्ती हमारे चरित्र को खत्म ना कर दे। हमारे संस्कारों को तिलांजलि ना दे दे। मित्रता दिवस के अवसर पर युवक-युवतियों, महिलाओं, युवको, बच्चों ने मित्र कैसा हो विषय पर गोष्ठी के अंतर्गत अपने विचार प्रकट किए वा कविता, भजन, संस्मरण सुनाए। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि वे दोस्त, दोस्त नहीं जो हमारे जीवन में दोष लगाते हैं। हथकरघा दिवस पर आई वियर हैंडलूम अभियान आरंभ कर हथकरघा दिवस की पूर्व बेला में आज पार्श्वनाथ बालक मंडल, चंदनबाला बालिका समिति द्वारा हथकरघा रैली निकाली गई। जिसमें रेशम के कपड़ो को छोड़ो, हथकरघा से नाता जोड़ो, हिंदुस्तान का ताना बाना हथकरघा को ही अपनाना चरखा आदि की झांकी, हथकरघा से संबंधित सामग्री रैली में दर्शाई गई व नारे लगाए गए। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की मंगल कलश पुण्यार्जक परिवारों का मंदिर कमेटी द्वारा सम्मान किया गया।

### 20 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया, 3 भैंसों को जप्त कर गौशाला भेजा

**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में अंबेडकर वार्ड एवं मोतीनगर वार्ड से 2 डेयरी के 20 पशुओं को नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर शिफ्ट किया गया तथा तीन भैंसों को जप्तकर गौशाला भेजा गया जिन पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। डेयरी विस्थापन कार्रवाई के तहत अंबेडकर वार्ड से संतोष पटेल के 8 पशु भापेल पाटन एवं मोतीनगर वार्ड से पूरन पटेल के 12 पशु बाछ्लोन शिफ्ट किए। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन हेतु बनाए गए दोनों दलों के सभी अधिकारियों, जोन प्रभारी, उपयंत्री एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने वार्ड की डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु किए जा रहे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, बारिश के कारण डेयरी विस्थापन कार्य की गति धीमी हो गई है उसे पूर्व की भांति तेज गति से किया जाए।

# मंदिरों का संरक्षण ही संस्कृति की धरोहर हैः मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मंदिरों का संरक्षण ही संस्कृति का संरक्षण है, इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर बुंदेलखंड तीर्थ क्षेत्र कमेटी एवं समुचित मंदिर कमेटियों का अधिवेशन शाहगढ़ के बड़ा मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य वक्ता के रुप में उपाध्याय श्री विरंजन सागर ने कहा कि जब समाज आगे नहीं आती तो गुरुओं को इस विषय को लेकर आना पड़ा, मंदिर आस्था विश्वास के इस केंद्र का संरक्षण कैसे करें, जब-जब हमारी संस्कृति पर कोठारा घात हुआ तो साधु संत ही आगे आए हैं, वर्तमान में प्राचीनता को खत्म के करके और अब नई प्रतिमाओं को रखना शुरू कर दिया है, प्राचीन मंदिरों में सोने चांदी का नहीं वीतरागता का काम होता था, वर्तमान सोने चांदी की प्रतिमाएं मंदिर बना दिए तो चोरियां तो होगी ही, सुरक्षा के लिए मंदिर की कमेटियों का ही अधिकार समझ लिया और बाहर के उपकार करना बंद कर दिए, मंदिर में बड़ी प्रतिमा होगी तो कभी चोरी नहीं हो सकती, पहले स्कूल औषधालय खोलकर उपकार किए जाते थे, लेकिन अब उपकार के क्षेत्र में बंद करके करोड़ों रुपए में मंदिर बना लिए, साधुओं में भेदभाव नहीं करें उनके आहार, विहार और विश्राम की व्यवस्था करें, पंतवाद, संतवाद जातिवाद को छोड़ने का संकल्प करें ऐसी विचारधारा को खत्म करना होगा, राजनीति में कूटनीति और स्वार्थ की राजनीति नहीं करना चाहिए। वही बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी कमेटियों के पदाधिकारी द्वारा मंदिरों का संरक्षण करने और साधु संतों की व्यवस्थाओं में अपनी सहभागिता रखने का संकल्प लिया। आभार चातुर्मास समिति ने किया।

### रेलवे स्टेशन पर पुल से कूदा युवक, गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर बीती रात एक 30 वर्षीय युवक ने स्टेशन के बाहर तरफ अचानक से पुल से छलांग लगा दी। इसके बाद लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद 108 एंबुलेंस के डॉ जितेंद्र राय, पायलट पहलाद यादव मौके पर पहुंचे। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। आनंद पिता बेड़ी साहू 30 निवासी मगोला तहसील बटियागढ़ जिला दमोह जो बीती रात बीना रेलवे जंक्शन के बाहरी रोड की तरफ पुल से अचानक से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से बीना सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है, साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस हादसे की वजह क्या है। युवक कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। पुल से छलांग लगाने के बाद रेलवे प्रबंधन भी हैरान है। अचानक हुए इस हादसे ने रेलवे स्टेशन में मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस ने घायल के परिजनों को दे दी है। परिजनों के आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है कि युवक ने पुल से छलांग क्यों लगाई है। युवक बीना रेलवे स्टेशन पर कैसे पहुंचा और उसे कहां जाना था यह सब जानकारी परिजनों के आने के बाद और युवक के कुछ बोलने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गायत्री शक्तिपीठ में युवा चेतना शिविर का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** गायत्री शक्तिपीठ पर युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां गायत्री देवी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर देवी पूजन किया। गायत्री परिवार से पधारी अपर्णा विश्वकर्मा ने कहा कि आखिर महिला सशक्तिकरण की क्यों आवश्यकता पड़ी। क्योंकि हमारी समाज में महिलाओं को जो बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए था। वह आज भी उन्हें नहीं मिल पाया। अभिषेक ने बताया कि तुच्छ से महान, सामान्य से समर्थ एवं शक्तिशाली, रंक से राजा, मूरख से विद्वान, सामान्य से असामान्य बनाने वाले वे छोटे से लेकर बड़े सभी कार्य हैं, जो समय-समय पर हमारे सामने आकर उपस्थित होते हैं। किंतु एक हम हैं जो अनेक शिकायतें करके अपने कर्मदेव का अपमान करते हैं और जब वह हमारे द्वार से लौट जाता है, तब पश्चाताप करने और हाथ मलने के लिए ही विवश होना पड़ता हैं। नेतराम ने बताया कि हमने कभी यह भी सोचा है कि उद्गम से आरंभ होने वाली नदी प्रारंभ में इतनी छोटी होती है कि उसे एक बालक भी पार कर सकता है। एक विशाल वृक्ष जो बहुतों को छाया दे सकता है, मीठे फलों से तृप्त कर सकता है, अनेक पक्षियों का बसेरा होता है, आरंभ में एक छोटा सा बीज ही होता है जो तनिक सी हवा के झोंके से उड़ सकता है। एक छोटी सी चिड़िया भी उसे निगल सकती है। यही स्थिति हमारे सामने आने वाले कार्यों की भी है। कार्यक्रम में तनुज पांडे, दिलीप, डॉ. एमसी मेघवानी, बेनी प्रसाद सेन, डॉ. अशोक दीवान, पहलाद कुशवाहा, राम मनोहर ताम्रकार के अलावा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### संत रविदास महाराज की चरण पादुका पहुंची तुलसीनगर सुभाषनगर एवं शास्त्री वार्ड

**सागर, देशबन्धु।** संत रविदास महाराज का 100 करोड़ रूपए की लागत से भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास करने पधार रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के पूर्व सागर विधानसभा में संत रविदास की चरण पादुका यात्रा दूसरे दिन तुलसीनगर सुभाषनगर एवं शास्त्री वार्ड में पहुंची। जहां विधायक शैलेंद्र जैन, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं वार्ड पार्षद सोना कन्हई पटेल ने चरण पादुका का पूजन एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के चित्र की आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। यात्रा का समापन शास्त्री वार्ड स्थित संत रविदास के मंदिर में आरती कर किया गया।

### तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर किया बरमान का भ्रमण

**सागर, देशबन्धु।** सागर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तुलसी फाउंडेशन के तत्वाधान में निकलने वाली 11 अगस्त को कावड़ यात्रा के संबंध में तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर बरमान, महाराजपुर, देवरी, गौरझामर, सुरखी, चितौरा पहुंचकर कावड़ यात्रियों के रुकने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस संबंध में कावड़ यात्रा के संयोजक हरि राम सिंह ठाकुर एवं यात्रा के समन्वयक राम अवतार पांडे ने बताया कि कावड़ यात्रा में चलने वाले कावड़ यात्रियों को बरमान से सागर तक पैदल यात्रा के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो और उन्हें रुकने ठहरने की समुचित व्यवस्था निर्धारित स्थानों पर कराने के लिए कावड़ यात्रा की विश्राम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया ने बताया कि 7 अगस्त को बड़ा बाजार स्थित बीएस जैन धर्मशाला में दोपहर 12 से कावड़ यात्रा में चलने वाले समस्त कावड़ यात्रियों का प्रशिक्षण यात्रा के कोषाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र पाठक एवं यात्रा के सह संयोजक नेवी जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे समस्त कावड़ यात्री कमेटी के नियमों का दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कावड़ यात्रा में अनुशासन मैं रहकर कावड़ यात्रा पूर्ण करेंगे।

# नाबालिग का अपहरण कर छेड़छाड़ करने वाले ईनामी आरोपी को किया दिल्ली से गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु मुस्कान अभियान चलाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृताओं की दस्तयाबी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना सागर एवं एसडीओपी रहली के मार्ग दर्शन में इंचार्ज थाना प्रभारी थाना सानौधा उनि अशोक उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। घटना इस प्रकार है कि 20 जुलाई 2023 को फरियादी सेवक पिता पोटाराम अहिरवार उम्र 42 वर्ष निवासी परसोरिया ने आरोपी देवी सिंह पिता निर्भय अहिरवार के विरूद्ध अपनी नाबालिग लडकी का अपहरण कर छेडछाड करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई थी जिस पर अपराध क्रमांक 201/23 धारा 363 342 354(क) ताहि 5/6 पॉक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 3000 रूपये का इनाम उदघोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध मे हर संभव प्रयास किये गये एवं मुखबिर मामूर किये गये। मुखबिर द्वारा आरोपी देवीसिंह अहिरवार के दिल्ली में छिपकर फरारी काटने की सूचना प्राप्त हुई सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं अनुमति प्राप्त कर टीम को दिल्ली रवाना किया गया जो आरोपी की तलाश दिल्ली में कर आरोपी देवीसिंह के उपस्थित मिलने पर आरोपी देवीसिंह को पुलिस अभिरक्षा में लेकर वापस थाना सानौधा जिला सागर आये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय सागर पेश किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आरोपी को पकडने में महत्वपूर्ण भूमिका इंचार्ज थाना प्रभारी थाना सानौधा उनि अशोक उपध्याय एवं टीम में जय सिंह ठाकुर, उमेश तिवारी, अंशुल मिश्रा एवं सायबर सेल से अमर तिवारी एवं सौरभ की भूमिका सराहनीय रही। उक्त टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा उचित ईनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है।

# अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा नाबालिग बालको के प्रति घटित अपराधो मे संवेदनशीलता रखते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना सागर एवं एसडीओपी रहली जिला के मार्ग दर्शन में इंचार्ज थाना प्रभारी थाना सानौधा उनि अशोक उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। घटना इस प्रकार है कि 5 अगस्त 2023 को थाना सानौधा क्षेत्रांर्गत कस्बा शाहपुर मे रहने वाले 13 नाबालिग लडका ने अपने साथ मोहल्ले के राहुल अहिरवार एवं गोलू अहिरवार द्वारा स्वयं के साथ जान से मारने की धमकी देकर जबरन अप्राकृतिक कृत्य करने संबंधी रिपोर्ट की। रिपोर्ट पर थाना सानौधा में अपराध क्र. 281/23 धारा 377 506 ताहि 3/4 पॉक्सो एक्ट का अपराध कायम किया गया। प्रकरण के पीडित के साथ संवेदनशीलता एवं मित्रवत माहौल रखते सहज होने पर बालक कल्याण अधिकारी सउनि प्रीति थापा एवं म.आर. दिव्या दुबे द्वारा भी पीडित से घटना के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली गयी। प्रकरण की वरिष्ठ अधिकारियो को घटना की जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आवश्यक अग्रिम कार्यवाही कर आरोपियो की तलाश पतासाजी की गई। 5 अगस्त 2023 को ही आरोपी राहुल अहिरवार पिता दीपराज अहिरवार उम्र 22 वर्ष एवं आरोपी गोलू उर्फप्रदीप अहिरवार पिता राजेंद्र अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासियान शाहपुर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियो को न्यायालय सागर पेश किया। प्रकरण के आरोपियो को पकडने में इंचार्ज थाना प्रभारी थाना सानौधा उनि अशोक उपध्याय, प्रीति थापा, जगदीश सिंह, राजेश पाण्डे, लकी पटैल, रेवाराम, शिवराज, शाहिद खान, सोनू गौतम एवं दिव्या दुबे की भूमिका रही। उक्त टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा उचित ईनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है।

### 19 शाल बाद श्रवण माह मे पुरषोत्तम मास आया है : विपिन बिहारी




**सागर, देशबन्धु।** पुरुषोत्तम मास के पावन माह में तिलक गंज में स्थित एमएस गार्डन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना चौबे द्वारा भरत चरित्र कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. विपिन बिहारी शास्त्री ने कथा के षष्टम दिवस मां की कोई उपमा नहीं होती है पूत तो कपूत हो सकता है पर मां कभी कुमाता नहीं हो सकती। 19 शाल बाद श्रवण माह मे पुरषोत्तम मास आया है, दो दीप जलाना, तुलसी को जल चढ़ाना, एक व्यक्ति को प्रतिदिन भोजन कराना, जिनकी राशि मेष हो गाय का दूध और शहद मिलाकर भगवान शंकर का पश्चिम दिशा की और बैठकर नमः शिवाय का जाप करे भोलेनाथ आपके संकट हर लेगे। तुला राशि वालो की कभी काले कपडे और काले जूते नहीं पहनना चाइये। पुखराज के शकर जी की पूजा करने से कभी धन की कमी नहीं होती। आयोजक मुन्ना चौबे द्वारा बताया की प्रति दिन प्रातः 7 बजे से रुद्री निर्माण और अभिषेक किया जाता है। कथा में प्रदीप दुबे, शिवम तिवारी, योगराज कोरी, प्रमोद शर्मा, नरेन्द पुरोहित आदि ने सम्मलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# नही थम रहा अवैध शराब परिवहन का सिलसिला

## आबकारी पुलिस ने शराब पकड़ी, सुविधा शुल्क लिया और छोड़ दी, ऑडियो बायरल

**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन सहित बरोदिया कलां, रजवांस एवं बांदरी में अवैध शराब का परिवहन बदस्तूर जारी है। शासकीय शराब दुकान बरोदिया कलां, मालथौन, रजवांस एवं बांदरी से अवैध शराब परिवहन कर गांव-गांव बिकवाई जा रही है। यहां बताते चलें कि अनेक बार मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अवैध शराब परिवहन पर नकेल कसने निर्देश दिये थे। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की कानों पर जुआं तक नही रेंग रहा। हाल ही में मड़ावन पायक गांव में आबकारी निरीक्षक ने छापामार कार्यवाही करते हुऐ कुछ शराब जप्त की थी सूत्र बताते है कि दो जगहों से शराब जप्त कर बेचने बाले शख्स को भी उठा लाये थे किंतु एक बायरल ऑडियो में स्प्ष्ट सुना जा रहा है कि किस तरीके से आबकारी विभाग के कारिन्दे ने पांच-पांच हजार की सुविधा शुल्क लेकर आरोपियों को धमकाकर पैसे ऐंठ लिए। बायरल ऑडियो में शराब बेचने बाला सख्स यह भी कह रहा है कि शराब दुकान बरोदिया कलां से लाकर शराब गांव में बेच रहे है फिर मुझे क्यों पकड़ लिया। सूत्र बतलाते है कि शराब बेचने बाले युवक के पास तुरंत रुपये न होने की स्थिति में बरोदिया कलां शराब दुकान से पांच हजार रुपये आबकारी निरीक्षक को दिए गए थे, तब जाकर युवकों को आबकारी पुलिस के चंगुल से छुटाया जा सका था। बायरल ऑडियो में शराब बेचने बाला सख्स अपने भाई से कह रहा है कि तुरंत पैसे लेकर आ जाओ पुलिस बाले मेरे साथ मारपीट कर रहे है और धमकी दे रहे है कि यदि रुपये नही दिए तो शराब दुकान से शराब उठाकर जप्ती बनाकर 52 लीटर का केस थोप देंगे। इन बायरल ऑडियो से यह बात तो स्वतः सिद्ध हो जाती है कि शराब दुकानों से गांव-गांव अवैध तरीके से शराब परिवहन कर बिकवाई जा रही है और आबकारी पुलिस अवैध बसूली में जुटी हुई है। शराब दुकानों के संचालक भी बेखोफ होकर दिन दहाड़े पुलिस की नाक के नीचे से शराब का जखीरा मोटर साइकिल एवं चार पहिया वाहनों से ले जाते है। लेकिन मासिक सुविधा शुल्क के चलते पुलिस भी धृतराष्ट्र बन जाती है। आखिर क्या कारण है कि क्षेत्र में ताबड़तोड़ अवैध शराब की बिक्री हो रही है लेकिन शराब ठेकेदारों पर कोई भी कार्यवाही नही होती।

### प्रधानमंत्री ने खजुराहो रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का वर्चुअली शिलान्यास किया

# 260 करोड़ की लागत से होगा सुसज्जित






**खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो अपनी ख्याति के लिए पूरी दुनिया में शुमार है। अब यहां आवागमन के लिए विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन का निर्माण शुरू होग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को खजुराहो रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 260 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक कायाकल्प तथा वर्ल्ड क्लास हाईटेक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने के लिए वर्चुअली शिलान्यास किया।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना में प्रदेश के 34 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। खजुराहो आईकॉनिक सिटी के रूप में दुनिया में प्रसिद्ध है। खजुराहो अब विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में भी जाना जाएगा। विश्व स्तर का रेलवे स्टेशन बनने से खजुराहो आने वाले पर्यटकों को न सिर्फ आवागमन की हाईटैक सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

रेलवे स्टेशन खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम में सांसद खजुराहो व्ही.डी. शर्मा ने पीएम नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद करते हुए कहा कि पायलट ट्रेनिंग सेंटर और केन बेतवा लिंक परियोजना सहित कई सौगातें मिलीं हैं और पीएम श्री मोदी द्वारा 260 करोड़ रुपये की लागत से वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन का शिलान्यास किया गया है जो बुंदेलखंड के विकास की कटिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि खजुराहो आइकोनिक सिटी के रूप में भी जाता है और अब दुनियाभर में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप से जाना जायेगा। इस दौरान विधायक राजेश प्रजापति, पूर्व मंत्री ललिता यादव, कलेक्टर संदीप जी.आर., पूर्व विधायक रेखा यादव, मलखान सिंह, अरविंद पटेरिया, नपाध्यक्ष छतरपुर श्रीमती ज्योति चौरसिया, खजुराहो नपाध्यक्ष पप्पू अवस्थी, राजनगर नपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं आम जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद श्री शर्मा ने क्षेत्र के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया।

## इन सुविधाओं से होगा कायाकल्प

खजुराहो रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास व उच्चीकरण और कायाकल्प के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएंगी। स्टेशन का पुनर्विकास आगामी 50 साल की संभावित आवश्यकताओं के दृष्टिगत किया जाएगा। सिटी प्लानर के अनुसार संभवता दूसरी एंट्री और सर्कुलेटिंग एरिया का विकास जिसमें दोनों तरफ वृहद पार्किंग स्थल का प्रावधान रहेगा, 3 हाई लेवल प्लेटफार्म का निर्माण किया जायेगा, स्टेशन पर 16 लिफ्टों के साथ-साथ 18 एस्केलेटर्स की सुविधा उपलब्ध होगी। खजुराहो स्टेशन पर पीक घंटों में 5000 यात्रियों की वहन क्षमता, स्टेशन पर नए अत्याधुनिक जन सुविधा युक्त अधिक क्षमता वाले प्रतीक्षालय का प्रावधान, एक बार में 242 यात्रियों को बैठाने की क्षमता वाला वातानुकूलित लाउन्ज के साथ-साथ 150 यात्रियों की क्षमता वाला बिना वातानुकूलित लाउन्ज का प्रावधान किया जायेगा।

स्टेशन पर 3600 वर्ग मीटर के एयर रूफ कोन्कोर्स एरिया में कमर्शियल एक्टिविटीज की सुविधाएं, लगभग 600 केडब्लूपी के सोलर पैनल के माध्यम से स्टेशन को ऊर्जा प्रदान की जाएगी, यात्रियों को गाडियों के समय से सम्बंधित सूचना प्रदान करने हेतु बड़ी वीडियो वाल का प्रावधान। भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इलेक्ट्रिकल व्हीकल पॉवर चार्जिंग प्वाइंट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अप्रोच सडक़ का चौड़ीकरण, स्टेशनों की लैंड स्केपिंग, भूनिर्माण, हरे पैच और एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं एवं स्थानीय कला से वर्णित स्टेशन को दिव्यांगजन की सुगमता के दृष्टिगत विकसित किया जायेगा।

## सार समाचार

### डॉ शुक्ल का निधन

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के जाने-माने निश्चेतना विशेषज्ञ डा. अरविंद शुक्ला का रविवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया ।63 वर्ष की आयू में डा. शुक्ला ने अंतिम सांस ली। गौरतलब हो कि डा. अरविंद शुक्ला ने विगत 40 वर्षों में छतरपुर सहित जबलपुर एवं मुम्बई जैसे महानगरों में निश्चेतना विशेषज्ञ के रुप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। इस तरह उनका अचानक चले जाना मेडिकल क्षेत्र के लिए बड़ी हानि है। रविवार शाम 6 बजे विजावर नाका स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न किया गया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



### किसान की करंट से मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुदारा निवासी एक किसान ने खेत पर काम करते समय धोखे से बिजली का वह तार पकड़ लिया जिसमें करंट आ रहा था। करंट लगने के कारण किसान की मौत हो गई है। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे जहां मौत की पुष्टि होने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया।

गुदारा निवासी भागवली पटेल ने बताया कि गांव का ही लक्ष्मीराम पटेल उम्र 42 वर्ष खेत में पिपरमेंट लगा था। खेत के एक कोने में बिजली तार पड़ा हुआ था जिसमें करंट आने की जानकारी लक्ष्मीराम को नहीं थी। इसी दौरान लक्ष्मीराम ने भूलवश बिजली का तार हाथ में पकड़ लिया और करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन पहले उसे महाराजपुर अस्पताल ले गए थे, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला लाए जाने के दौरान रास्ते में लक्ष्मीराम ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### फोरलेन पर मवेशियों का डेरा, कर पलटी, 4 घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** फोरलेन सहित जिले के तमाम मार्गों पर आवारा मवेशियों की बैठकी के चलते लगातार दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात बमीठा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर बैठे आवारा मवेशियों को बचाने के दौरान एक तेज रफ्तार कार पलट गई। दुर्घटना में 4 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें बमीठा में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल घायलों का जिला अस्पताल में ही इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सतना जिले के कुलगुवां के रहने वाले करीब आधा दर्जन लोग स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 53 सीए 5045 से वैष्णो देवी गए थे। यहां से वापिस अपने गांव जाने के दौरान बमीठा के ओवर ब्रिज पर बैठे आवारा मवेशियों को बचाने के दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि कार ओवरब्रिज की रैलिंग से टकराकर रुक गई, और कार का सिर्फ एक पहिया ही ब्रिज से नीचे गिरा। अगर रैलिंग तोडक़र कार नीचे गिरती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

बहरहाल कार पलटने से उसमें सवार 4 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं, जिन्हें बमीठा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में घायल शिवम गुप्ता 24 वर्ष, वीरू विश्वकर्मा 28 वर्ष, अमरजीत विश्वकर्मा 26 वर्ष और सूर्या कुशवाहा 21 वर्ष का इलाज जारी है।

### कलाकार की पेट्रो पदार्थ पीने से बिगड़ी हालात, इलाज के दौरान मौत


# नौगांव सिविल अस्पताल : डॉक्टर ने मृत को किया जिला चिकित्सालय रैफर

**नौगांव, देशबन्धु।** शनिवार को सीएम के जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार का खलल न पड़े और किसी भी प्रकार की समस्याओं से बचने के लिए नौगांव सिविल अस्पताल के डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत हुए व्यक्ति को ही जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। इतना ही नहीं मृतक के अन्य सहयोगियों को इसकी भनक तक नहीं लगने दी।

इस दौरान शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनदर्शन यात्रा लेकर नौगांव पहुंचे थे। भाजपा से महाराजपुर विधानसभा से टिकट के दावेदारों के द्वारा तरह तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी में महाराजपुर से टिकट की दावेदारी कर रहे माणिक चौरसिया का बस स्टैंड के पीछे मंच सजा था। भीड़ को बांधे रखने के लिए कानपुर से बहरूपिया पार्टी आई थी। बहरूपिया पार्टी का कलाकार कबीर सिंह मुंह में डीजल,पेट्रोल आदि ज्वलनशील पदार्थ पीकर करतब दिखा रहा था, तभी अचानक से युवक कबीर सिंह गस्त खाकर गिर पड़ा तो अन्य साथियों की मदद से युवक को नौगांव सिविल अस्पताल लाया गया।

अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अखिल रावत ने युवक का इलाज करने के बाद रैफर कर दिया। जबकि रैफर करने से पहले ही सिविल अस्पताल में युवक की मौत हो गई। इसके बावजूद युवक को को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

**जिला चिकित्सालय के डॉक्टर ने लिखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने मृत को किया रैफर :** जिला चिकित्सालय में ड्यूटी डॉक्टर ने नौगांव सिविल अस्पताल से रैफर होकर पहुंचे मरीज को पहले से ही मृत बताया। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर निखिल सिंह ने पुलिस को भेजी सूचना में लिखा कि व्यक्ति को मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव से रैफर होकर जिला अस्पताल लाया गया। मृत्यु का कारण अज्ञात है। इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर निखिल सिंह के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना पत्र में स्पष्ट है कि नौगांव अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अखिल रावत ने मृत व्यक्ति को छतरपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अब यह जांच का विषय है कि नौगांव अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर ने मृत व्यक्ति को जिला चिकित्सालय रैफर किया या फिर उसके रास्ते में मौत हुई या फिर जिला चिकित्सालय में पदस्थ इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर निखिल सिंह ने पुलिस को जो सूचना पत्र भेजा वह गलत है।



**रैफर लेटर और पुलिस सूचना पत्र की टाइमिंग में अंतर :** सिविल अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर ने कबीर सिंह के रैफर लेटर में समय शाम 6 बजे का लिखा है। जबकि छतरपुर जिला अस्पताल में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर निखिल सिंह ने पुलिस को जो सूचना पत्र भेजा उसमें समय रात 7-55 बजे का लिखा है, दोनों पत्रों के समय में लगभग दो घंटे का अंतर है, यदि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए रैफर किया तो छतरपुर 22 किमी का रास्ता तय करने में एंबुलेंस को दो घंटे का समय लग गया। या फिर युवक की मौत नौगांव अस्पताल में ही हो गई थी तो छतरपुर जिला चिकित्सालय पहुंचने के बाद डॉक्टर ने दो घंटे बाद सूचना क्यों भेजी। बहरहाल पूरा मामला जांच का विषय है।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र में ताला, इलाज के लिए ग्रामीण मोहताज



◆ **हफ्ते में एक दो बार आती हैं सीएचओ**

**लवकुश नगर, देशबन्धु।** गांवो में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं, लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए गांव से बाहर जाना पड़ रहा है, इससे लोग परेशान हैं।उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कहने को तो यहां 24 घंटे एएनएम और इलाज की सुविधा मिलना है, लेकिन ताला नहीं खुलने से ग्रामीणों को बारीगढ़ और लवकुशनगर तक इलाज कराने के लिए जाना पड़ रहा है या फिर प्राइवेट डॉक्टरों की शरण लेनी पड़ रही है।

इसका सबसे बड़ा कारण है स्वास्थ्यकर्मियों का लापरवाही पूर्ण रवैया।जिला चिकित्सा अधिकारी यदा कदा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की बात करते नजर आते हैं तो उनके ही अधीनस्थ काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारी इसके विपरीत कार्यप्रणाली से काम कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला सामने आया छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत करहरी का जहां पर लाखों की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र बना हुआ है लेकिन वहा पदस्थ सीएचओ का लापरवाही पूर्ण रवैया ग्रामीणों के लिए परेशानी बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र में पथस्थ सीएचओ कभी समय से उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं पहुंचतीं है और हफ्ते में मात्र एक या दो दिन ही आतीं हैं।

ऐसे में बरसात के मौसम में संक्रमण संबंधित बीमारियों, सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ साथ वर्तमान में आई फ्लू संक्रमण का प्रभाव रहा है जिसके इलाज के लिए उन्हें गांव से बाहर ईलाज के लिए जाना पड़ता है,या प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज करवाना पड़ता है, ऐसे में उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिले के आला अधिकारी कभी भी हमारे गांव स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने नही आते जिस वजह से हम आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहे है। अब देखने वाली बात होगी कि आने वाले दिनों में यहां के लोगों को स्वस्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ मिलेगा या ऐसे ही हालातो से जूझते रहेंगे।

## मेडिकल कॉलेज के निर्माण का रास्ता साफ

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा लोक निर्माण भोपाल के प्रमुख अभियंता को निर्देशित किया गया है कि वे जिला छतरपुर में नवीन मेडिकल कालेज भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की कार्रवाई प्रारंभ करायें। इसी तारताम्य में लोक निर्माण विभाग भोपाल के प्रमुख अभियंता (भवन) ने लोक निर्माण विभाग ग्वालियर के मुख्य अभियंता भवन को निर्देशित किया है कि मेडिकल कालेज छतरपुर के निर्माण हेतु टेंडर दर 3.69 प्रतिशत बीओक्यू से कम पर मेसर्स जे.पी.स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की स्वीकृत हो गयी हैं।

अत- छतरपुर में मेडिकल कालेज का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की कार्रवाई प्रारंभ करें। इस पत्र की प्रतिलिपि लोक निर्माण विभाग (भवन) छतरपुर को भी भेजी गयी है। प्रमुख अभियंता भोपाल के इस पत्र के बाद छतरपुर में मेडिकल कालेज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

मेडिकल कालेज के निर्माण का रास्ता साफ होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को साधुवाद देते हुये मेडिकल कालेज संघर्ष मोर्चा छतरपुर के सदस्यों ने कहा कि जब मुख्यमंत्री पिछले माह छतरपुर आये थे तब उन्होंने मेडिकल कालेज के दोवारा प्रक्रिया शुरू करवाई थी और अब नौगांव आने के एक दिन पहले उन्होंने मेडिकल कालेज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करा दी है जिसके लिये छतरपुर मेडिकल संघर्ष मोर्चा एवं यहां की जनता न केवल उनकी आभारी है।

मेडिकल संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि वे इसी सत्र से किसी भी शासकीय भवन में मेडिकल कालेज की कक्षायें शुरू करवायें ताकि यहां के लोगों का मेडिकल कालेज का सपना पूरा हो सके।

## महिलाओं ने घर जाने बस में लगाया धक्का





**छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगभग तीन घंटे देरी से नौगांव पहुंचे। इसके बाद लगभग 5 किमी लंबे रोड शो और सभा के कारण सीएम का कार्यक्रम रात 9 बजे तक चलता रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन और भाजपा नेताओं ने पूरी ताकत झोंकते हुए दूर-दूर से ग्रामीणों को बसों में भरकर बुलाया था। कुछ ऐसे ही ग्रामीण इस कार्यक्रम की अव्यवस्था का शिकार हो गए। ग्राम सुकवां से कार्यक्रम में पहुंची कई महिलाओं को गोल्डन ट्रेवल्स कंपनी की बस से बुलाया गया था। महिलाओं को न तो दिनभर खाना मिला और जब महिलाएं कार्यक्रम के बाद वापस अपने घर की ओर रवाना हुईं तब जिस बस में उन्हें ले जाया जाना था वह बस अचानक बंद हो गई। महिलाओं को खुद ही अपनी बस में धक्का लगाना पड़ा। सोशल मीडिया पर महिलाओं के द्वारा बस में धक्का लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है जिस पर लोग शिवराज सिंह चौहान के इस कार्यक्रम की निंदा करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## ओवरलोड ट्रक की बॉडी टूटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार की रात करीब 11 बजे शहर के चौबे तिराहा के पास एक ओवरलोड ट्रक की बॉडी टूट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि ओवरलोड ट्रक छतरपुर से पन्ना की ओर जा रहा तभी चौबे तिराहा के पास ट्रक की बॉडी टूट गई। जिस वक्त बॉडी टूटी उस वक्त ट्रक की रफ्तार काफी कम थी जिस कारण से बॉडी टूटते ही चालक ने ट्रक रोक दिया और ट्रक पलटने की बजाय वहीं पर खड़ा हो गया। बॉडी टूटने के बाद के बाद रात भर ट्रक सडक़ पर ही खड़ा रहा। गनीमत रही कि रात का वक्त होने के कारण अन्य वाहन ट्रक की चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी।



# जीवन को मानव सेवा में लगाना ही सच्ची समाज सेवा है : शैलजा

*__लवकुशनगर, देशबन्धु।__ बड़े भाग्य मानुष तन पावा और वह बड़े भाग्य से मिलने वाला मनुष्य का तन हमने पाया है और हमें भगवान ने बहुत ही बुद्धिमान प्राणी बनाया है। मनुष्य सबसे तेज बुद्धि वाला माना गया है, वह बुद्धि हमारे पास है, हमारे पास वह समझ है मुझे पता है कि क्या सही है क्या गलत है। हमारे पास विवेक है। हमारे पास धर्म ग्रंथ है जो हमें बताएंगे कि जीवन में किस रास्ते पर चलो, हमारे पास मेरे गुरुजन, शिक्षक, मात-पिता है जो मेरे शुभचिंतक है जो मुझे जीवन की सही दिशा देते हैं, चलो और कोई नहीं तो मेरे साथ मेरा परिवार है। तो जो मुझे प्राप्त है, क्या हम उसकी गिनती गिनते हैं? उसकी माला फेरते हैं, क्या हम भगवान का उसके लिए धन्यवाद करते हैं, या जो हमें नहीं मिला है उसके लिए नकारात्मक सोचते हुए स्वयं को कोसते रहते हैं। अब जरूरत है स्वयं की सोच को सकारात्मक बनाने की, नहीं तो हीरे जैसा जन्म अमोलक कौड़ी तुल्य ही चला जाएगा और समाज को हम कुछ भी प्रदान नहीं कर पाएंगे। जो हमें मिला है उसके लिए प्रतिदिन ईश्वर का धन्यवाद अवश्य करना चाहिए। इस हीरे जैसे जीवन को मानव सेवा में लगाना है सच्ची समाज सेवा है।*



*उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय लवकुश नगर द्वारा ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के अंतर्गत सकारात्मक परिवर्तन वर्ष के अंतर्गत- समाज सेवा के नए आयाम विषय पर आयोजित कार्यक्रम में छतरपुर से पधारी बीके शैलजा बहन जी ने व्यक्त किए।*

*इस अवसर पर कुशवाहा समाज अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, पाटकर समाज अध्यक्ष महेश पाटकर, श्याम पाटकर, पटेल समाज के अध्यक्ष नारायण दास पटेल, नामदेव समाज अध्यक्ष जगदीश प्रसाद नामदेव सहित नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।*

*कार्यक्रम की शुरुआत में लवकुश नगर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सुलेखा एवं उषा बहन ने सभी अतिथियों का तिलक, वैज, उपर्णा उड़ाकर सम्मान किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया उसके पश्चात कु सौम्या ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी।*

*इस मौके पर सभी समाज के अध्यक्षों के द्वारा बीके शैलजा बहन जी का शॉल और श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया।*

*कार्यक्रम के अंत में छतरपुर से आई बीके कल्पना द्वारा कॉमेंट्री के माध्यम से मेडिटेशन कराया गया तत्पश्चात सभी को ईश्वरीय सौगात, साहित्य एवं प्रसाद भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।*

देशबन्धु

सागर, सोमवार 7 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# राहुल को रोकने की शर्मनाक हठ

गुजरात की निचली कोर्ट एवं हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना मामले में राहुल गांधी को सुनाई गई सज़ा पर चाहे देश की सबसे बड़ी अदालत ने रोक लगा दी हो लेकिन लगता है कि उनकी लोकसभा में वापसी आसानी से नहीं होने वाली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला देकर उनका संसद में लौटने का मार्ग तो प्रशस्त कर दिया, परन्तु लोकसभा के सचिवालय द्वारा जो बर्ताव किया गया है उससे साफ संकेत हैं कि सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हरसंभव हथकंडे अपनाएगी कि राहुल संसद में दोबारा न बैठ सकें।

2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोलार (कर्नाटक) में हुई एक जनसभा में राहुल ने कुछ भगोड़े कारोबारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इन सबके सरनेम मोदी हैं। गुजरात के एक पूर्णेश मोदी ने यह कहकर उनके खिलाफ अवमानना की शिकायत दर्ज कर दी कि इससे मोदी सरनेम वाले लोग आहत व अपमानित हुए हैं। महानगरीय दण्डाधिकारी ने इस मामले के पुनर्जीवित होते ही सुनवाई की और राहुल को अवमानना का दोषी पाते हुए उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सत्र न्यायालय और फिर गुजरात हाईकोर्ट ने भी राहुल की अपीलों को दरकिनार कर दो साल की सजा बरकरार रखी। पहले प्रार्थी ने इस मामले को स्वयं ही लम्बित कराए रखा था परन्तु जब राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके व्यवसायी मित्र गौतम अदानी के संबंधों पर पहले अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' (कन्याकुमारी से कश्मीर) के दौरान और फिर लोकसभा में सवाल उठाए तो पूर्णेश मोदी ने मामले की पुन: सुनवाई करने का आवेदन प्रस्तुत किया। गुजरात की निचली कोर्ट ने तेज गति सुनवाई करते हुए राहुल को दो साल की सजा सुना दी जो इस अपराध में अधिकतम है। गुजरात की हाईकोर्ट ने भी उतनी ही गति से इस फैसले पर मुहर लगा दी। परिणामस्वरूप व नियमानुसार तत्काल राहुल की सांसदी निलम्बित हो गई। उतनी ही फुर्ती से उनका बंगला छिन लिया गया- बगैर उनका पक्ष सुने। इसके बावजूद राहुल का मोदी सरकार पर आक्रमण जारी रहा। जैसी कि आशंका थी कि राहुल को गुजरात की सीमा में न्याय मिलना मुश्किल है, वैसा ही हुआ; और जैसा कि अनुमान था कि उन्हें न्याय सुप्रीम कोर्ट से ही मिल सकेगा- वह भी वैसा ही हुआ।

दरअसल राहुल की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन मोदी व भाजपा के लिए परेशानी बनी हुई है। उनके पैदल मार्च ने राहुल का कद काफी बढ़ा दिया है। मोदी सरकार की नाकामियों, मोदी-अदानी संबंधों, देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव और धार्मिक आजादी के हनन जैसे मुद्दों को लेकर राहुल देश-विदेश में पीएम की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं।

मोदी की गिरती छवि और राहुल को मिलती नयी पहचान के साथ हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली चुनावी सफलताओं से कांग्रेस का उत्साह बुलन्द है। उसके नेतृत्व में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की सरकार के खिलाफ सामूहिक आक्रामकता संसद के दोनों सदनों में देखने को मिल रही है। मणिपुर हिंसा को रोकने में केन्द्र की नाकामी के मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। मेवात (नूंह) में हुई घटनाएं मोदी सरकार की परेशानी में इज़ाफ़ा कर रही हैं। दोनों सदन ठप हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ खुलकर सत्ता पक्ष को बचा रहे हैं।

राहुल के बिना ही लोकसभा में सरकार पस्त है। मोदी व भाजपा की चिंता यह है कि राहुल लौटे तो क्या होगा। करीब चार माह से अधिक समय से वे संसद में नहीं हैं। लौटने पर वे अदानी तक सीमित नहीं रहेंगे। सरकार की सारी नई नाकामियां भी उनके भाषणों में जगह पायेंगी। कहीं अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल को बोलने का मौका मिल गया तो मोदी की रही-सही छवि पूर्णत: ध्वस्त हो जायेगी। इस संभावित खतरे से मोदी, उनकी सरकार और लोकसभा अध्यक्ष सभी वाकिफ़ हैं। इसलिये जब शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का फैसला राहुल के पक्ष में आया तो उसकी प्रति लेकर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी देर शाम तक भटकते रहे। सचिवालय में कोई लेने के लिए राजी नहीं था। शनिवार को छुट्टी होना बतलाया गया और कहा गया कि अब वे आदेश की प्रति लेकर सोमवार को मिलें। हालांकि चौधरी अध्यक्ष कार्यालय में प्रति देने में कामयाब तो रहे परन्तु पावती पर कार्यालय की मुहर नहीं लगाई गई। साफ है कि सरकार राहुल के संसद प्रवेश को रोकने के लिए सारी हदें पार कर सकती है। 8 व 9 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। देखना होगा कि राहुल को इसमें भाग लेने का मौका मिलता है या नहीं। 11 को तो सत्रावसान होना ही है, पर कहीं राहुल से बचने के लिये पहले ही ऐसा न हो जाये।

लोग ओम बिरला की वही तत्परता राहुल की संसद बहाली के मामले में भी देखना चाहते हैं जैसी उन्होंने कोर्ट का आदेश आते ही राहुल को निलम्बित करने में दिखलाई थी। महीने भर का नोटिस देकर बंगला भी खाली करा लिया था। उधर इटावा के सांसद व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामशंकर कठेरिया को शनिवार को आगरा की एक कोर्ट ने एक मॉल में तोड़-फोड़ व मार-पीट करने के मामले में दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में भी अध्यक्ष महोदय की तत्परता देखने को लोग उत्सुक हैं। जो हो, राहुल को सदन में प्रवेश से रोकने की हठधर्मिता अनैतिक व अलोकतांत्रिक तो है ही, कानून के प्रति असम्मान भी। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय के उस ट्वीट पर भी गौर करना होगा जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में कहा है कि 'बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी?' उनका ईशारा राहुल के खिलाफ जारी अन्य मामलों की ओर है।

# लोकसभा की विश्वनीयता का सवाल

सूरत से दिल्ली की दूरी 1200 किलोमीटर है। वहां की सीजेएम अदालत का फैसला 168 पेज का था और गुजराती में। मगर 24 घंटे में लोकसभा सचिवालय ने उसे मंगा लिया। अंग्रेजी में अनूदित करवा लिया और राहुल की सदस्यता खत्म कर दी।

मगर संसद से 2 किलोमीटर की दूरी से भी कम सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कब तक फैसला होगा यह किसी को नहीं पता। यहां तो आदेश भी अंग्रेजी में है और बहुत छोटा सा। मगर उस पर अमल बड़ा राजनीतिक फैसला लग रहा है। मोदी सरकार के पास बड़ा बहुमत है मगर सरकार जिस तरह घबराई हुई है कि अगर कहीं मंगलवार से शुरु होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में राहुल बोल गए तो पता नहीं क्या हो जाएगा? सरकार तो नहीं जाएगी मगर सरकार की मुसीबतें जरूर शुरु हो सकती हैं।

राहुल अविश्वास प्रस्ताव पर बोल पाएंगे या नहीं यह तो कहना मुश्किल है। मगर राहुल ने अपने भाषण की तैयारी जरूर शुरू कर दी है। राहुल को अब अपने भाषण का असर मालूम पड़ गया है। लोकसभा में अडानी पर दिए उनके भाषण के बाद ही उनकी सदस्यता खत्म की गई थी। 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया और 24 मार्च को राहुल की सदस्यता खत्म।

राहुल अब अपने भाषण की ताकत पहचान गए हैं। और भारत जोड़ो यात्रा, कर्नाटक की जीत एवं 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के बनने के बाद उनकी धमक बहुत बढ़ गई है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का उनके पक्ष में फैसला सत्तापक्ष के खेमे में हड़कम्प मचा गया है। अब सबको डर है कि राहुल का भाषण कुछ भी कर सकता है। किसी का भी ग्राफ गिरा सकता है। अगर मंगलवार से पहले राहुल की सदस्यता बहाल कर दी जाती है, जो कि भी जाना चाहिए तो लोकसभा में उनका मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास पर भाषण सुनने लायक होगा। लोकसभा में एक विदेशी राजनयिक गैलरी भी होती है। ऐसे मौकों पर वह हाउसफुल हो जाती है। मणिपुर, जिस पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है अभी भी भारी हिंसा की चपेट में है। बमों से एक जातीय समूह दूसरे जातीय समूह पर हमले कर रहा है। सेना के अफसरों को महिलाएं पांव पकड़-पकड़कर रोक रही हैं कि हमें पुलिस के भरोसे छोड़कर मत जाओ। यह हमें मरवा देंगे। कई जगह जहां सेना लोगों को बचाने गई वहां पुलिस और वह आमने सामने आ गई। भारतीय सेना ने कश्मीर, पंजाब, असम और भी कई आतंकवाद से ग्रस्त इलाकों में काम किया है।

मगर इस तरह का गृह युद्ध कहीं नहीं देखा। पुलिस, प्रशासन और राज्य सरकार इकतरफा कार्रवाई कर रहे हैं। तीन महीने से ज्यादा समय हो गया। मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार तक नहीं हो पाया। रोज लोग मर रहे हैं। विदेशी मीडिया डिटेल में रिपोर्टिंग कर रहा है।

अमेरिका ने हस्तक्षेप की बात की। यूरोपियन यूनियन ने प्रस्ताव पास किया। मगर प्रधानमंत्री मौन बने हैं। केवल संसद का मानसून सत्र शुरू होने पर जो पत्रकारों से औपचारिक बात करते हैं उसमें ही उन्होंने जरा सा मणिपुर का जिक्र किया और साथ में उसकी हिंसा कम बताने के लिए राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी साथ में जोड़ दिया।

मणिपुर पर उनका कोई और बयान अभी तक नहीं आया है। जबकि राहुल गांधी मणिपुर हो आए हैं। इसलिए अगर मणिपुर में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान राहुल लोकसभा में वापस आकर बैठे भी तो माहौल क्या होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। और जब आ जाएंगे तो बोलेंगे जरूर। वह विस्फोटक होगा। गोदी मीडिया उसे दबा नहीं पाएगा। इसलिए राहुल की वापसी को रोकने की पूरी कोशिश हो रही है। लेकिन क्या यह संभव होगा देखना बहुत दिलचस्प रहेगा।

अभी राहुल से पहले एनसीपी के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता वापस देने में लोकसभा सचिवालय ने पौने दो महीने लगा दिए थे। लेकिन जब उनके वकील संयोग से वे राहुल के भी हैं, अभिषेक मनु सिंघवी अदालत के फैसले की अवमानना करने के आरोप के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो तत्काल आदेश निकालकर उनकी सदस्यता बहाल की गई।

सदस्यता के मामले में कानून एक है। मगर उसे अलग-अलग तरह से लागू करने में संसद अगर एक नियम से ही काम नहीं करता है तो मैसेज गलत जाता है। संसद सर्वोपरि है। कानून बनाती है। लेकिन अगर कानून को लागू करने में वही भेदभाव करे तो केवल देश में नहीं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी खराब मैसेज जाता है। उस हालत में तो और ज्यादा जब हम खुद को विश्वगुरु कहते हैं। विश्वगुरु ऐसा नहीं हो सकता जो भेदभाव करे।


शकील अख्तर

> **राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है।**

गुजरात के भाजपा सांसद नारायण भाई काछड़िया को तीन साल की सज़ा हुई। हाईकोर्ट से भी सज़ा रद्द नहीं हुई। बाद में सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगने और जिस दलित डाक्टर को ड्यूटी पर मारा था उसे पांच लाख रुपए हर्जाना देने के बाद ही राहत मिली। मगर इस बीच उनकी सदस्यता बनी रही। कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष से मिली। लिखित प्रतिवेदन दिया। मगर वे सदस्य बने रहे। यहां ध्यान देने की बात यह है कि उन्हें ड्यूटी पर एक दलित डाक्टर के काम में बाधा पहुंचाने और हमला करने के गंभीर मामले में सज़ा हुई थी। ऐसे ही एक अधिकारी के साथ मारपीट करने के आरोप में अभी एक और भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया को आगरा की अदालत ने दो साल की सज़ा सुनाई है। देखना होगा कि उनकी सदस्यता कब रद्द होती है।

दरअसल यह बहुत बड़ा सवाल है। जो संसद कानून बनाती है सबके लिए समान। उसे ही जब लागू करने का मौका आता है तो वह कैसे उसे दो अलग-अलग लोगों पर अलग-अलग तरीके से लागू कर सकती है? अगर खुद संसद ऐसा करेगी तो बाकी कानून लागू करने वाली एजेन्सियों के सामने क्या उदाहरण जाएगा?

इसलिए राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है और भी कई विकसित और विकासशील देशों में इसे समाप्त कर दिया गया है। मानहानि असंज्ञेय मामलों की श्रेणी में आता है। मतलब जो गंभीर प्रकृति के नहीं हैं। इनमें समझौता हो सकता है। यही राहुल की अपील सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा।

लेकिन केवल उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए दो साल की सज़ा सुनाई गई। यह भी आश्चर्यजनक है कि इसे गुजरात की एक अदालत ने सुनाया जबकि जिस भाषण के आधार पर सुनाया वह कर्नाटक में दिया गया था। और ऐसा ही एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जिन-जिन मोदी का राहुल ने नाम लिया उनमें से कोई कोर्ट नहीं गया। बल्कि भाजपा का एक विधायक गया।

यह सब चीजें अभी कोर्ट के सामने हैं। इन पर कांग्रेस पूरी तरह स्पष्टता मांगेगी। मगर फिलहाल सवाल राहुल के संसद में वापस आने का है। लोअर कोर्ट के आदेश पर आप चौबीस घंटे में सदस्यता रद्द कर सकते हैं। तो देश की सबसे बड़ी अदालत के फैसले के बाद उसे लागू करने के लिए आपको कितना समय चाहिए?

यह राजनीति से लेकर, कानून की किताबों तक और दुनिया जो राहुल की सदस्यता के बारे में रोज अन्तरराष्ट्रीय अखबारों में पढ़ रही है वहां तक बड़ा सवाल है। हमारी लोकसभा की विश्वसनीयता का।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# राहुल गांधी की सजा पर रोक से भाजपा-संघ को झटका

**■ अरुण श्रीवास्तव**

नरेंद्र मोदी के अंध भक्तों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोदी उपनाम वाले मानहानि के मुकदमे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने और एक सांसद के रूप में उनकी स्थिति को बहाल करना एक बड़ा झटका था। इससे तो पूरा भाजपा-संघ कबीला हिल गया और उनका भाजपा राजनीतिक तंत्र भी। वास्तविक अर्थों में यह निचली न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर एक तरह की निंदा है और कुछ हद तक विधायी प्रभावशीलता पर सवाल भी।

सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने इस मामले में निचली न्यायपालिका द्वारा अपनाई गई जल्दबाजी के तंत्र को उजागर कर दिया है, जो लोकसभा अध्यक्ष को कुछ हद तक आत्मनिरीक्षण करने के लिए भी मजबूर करेगा। राहुल को लोकसभा की सदस्यता से वंचित करने का आदेश देने में जल्दबाजी की क्या जरूरत थी? अध्यक्ष कुछ दिनों तक इंतजार कर सकते थे और अपनी कार्रवाई के परिणामों पर विचार कर सकते थे।

हालांकि चुनाव आयोग को मोदी और अमित शाह के सीधे निर्देशों पर काम करने वाला माना जाता है, उसने भी इंतजार किया और लोकसभा अध्यक्ष की कार्रवाई से खाली हुई सीट के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा नहीं की।

आदेश पर रोक लगाने वाली शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि निचली अदालत में सुनवाई करने वाले जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। बेशक इसने कर्नाटक रैली में अपनी टिप्पणियों के लिए राहुल की खिंचाई की और पाया कि कांग्रेस नेता के बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन वाले एक व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की उम्मीद की जाती है।

न्यायाधीशों की इस टिप्पणी का स्पष्ट अर्थ यह है कि राहुल को संयम बनाये रखना चाहिए था। सजा देने वाली निचली अदालत द्वारा अपनी कार्रवाई को समुचित ठहराने के लिए उपयुक्त कारण नहीं बताना ही सजा पर रोक लगाने का आधार बना।

न्यायमूर्ति बी आर गवई ने जानना चाहा, 'हालांकि अपीलीय और उच्च न्यायालय ने दोष सिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए बड़े पैमाने पर पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन उनके आदेशों में इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है।' शीर्ष अदालत गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी 'मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने 2019 में गांधी के खिलाफ उनके 'सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है?' पर आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

जरा लोकसभा अध्यक्ष की दुर्दशा की कल्पना करें। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल करने के बाद उन्हें फिर से बहाल करने का आदेश जारी करना होगा। लोकसभा सचिवालय को उस घर को दोबारा आबंटित करने में असुविधा का सामना करना पड़ेगा, जहां से उसने अध्यक्ष के आदेश के मद्देनजर राहुल को बाहर कर दिया था।

एक बात तय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी सजा को खारिज न करने में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह सक्रिय रुख नहीं अपनाया था। सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि गुजरात उच्च न्यायालय का आदेश 'पढ़ने में बहुत दिलचस्प' है और उसमें 'बहुत सारे उपदेश' हैं।

राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए, गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 जुलाई को कहा था कि 'राजनीति में शुचिता' समय की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि दोषसिद्धि को रोकने के लिए कोई उचित आधार नहीं था, यह कहते हुए कि सुनवाई करने वाली अदालत का आदेश 'उचित और कानूनी' था और इसमें हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने से कम नहीं है। यह आश्चर्य की बात है कि उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता द्वारा की गई कई तथ्यात्मक गलतबयानी को कैसे नजरअंदाज कर सकता है। राहुल के वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का मूल उपनाम मोदी नहीं है और वह (पूर्णेश) मोध वनिका समाज से हैं।...उन्होंने अपना नाम बदल लिया है... गांधीजी ने अपने भाषण के दौरान जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया है।'

कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि 13 करोड़ के इस 'छोटे' समुदाय में जो भी लोग पीड़ित हैं, मुकदमा करने वाले केवल भाजपा पदाधिकारी हैं। तथ्यों पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि आरएसएस और शीर्ष भाजपा नेताओं, मोदी और अमित शाह ने यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें झूठे मामले में फंसाने की योजना बनाई थी कि राहुल संसद से बाहर रहें। वास्तव में उन्हें यकीन था कि इसके परिणामस्वरूप राहुल की सदस्यता बहाल नहीं होगी तथा अगले आठ साल तक उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी जायेगी। लेकिन दुर्भाग्य से आरएसएस और मोदी के लिए, उनका जाल-बट्टा सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में बिखर गया है।

> **वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा।**

इस आदेश का मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर काफी असर पड़ेगा। लोकसभा की सदस्यता की अस्वीकृति और बहाली पर रोक आरएसएस और भाजपा की हिंदू राष्ट्र के साथ आगे बढ़ने की योजना को भी नष्ट कर देगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस फैसले का संघ परिवार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। इससे इंडिया विपक्षी गठबंधन की प्रासंगिकता को बढ़ावा मिलेगा। इसने भारत जोड़ो यात्रा की प्रासंगिकता को बढ़ाया है, जिसे बदनाम करने के लिए भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र ने एक गहन अभियान चलाया था। जिस चीज ने वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा और साथ ही मोदी और शाह को राहुल से निपटने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने और उसे नया स्वरूप देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

शीर्ष अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए मजबूर करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उपयोग करना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इस न्यायालय द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इस फैसले ने मोदी के एक मजबूत लौह नेता होने का चेहरा भी उजागर कर दिया है। यह संदेश आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं के मानस पर गहरा प्रभाव डालेगा। इसमें कोई शक नहीं कि मोहन भागवत, मोदी और अमित शाह एक मजबूत चेहरा सामने रखेंगे। लेकिन ये उस नैतिक शक्ति को पुन: प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे जो इन नेताओं ने फैसले के बाद खो दी थी।

## गुरवाणी विचार

# करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर

सुख नांही बहुते धनि खोटे
सुख नांही पेखे निरति नाटे
सुख नांही बहु देश कमाये
सरव सुखा हरि हरि गुण गाये
सुख सहज अनंद लहो
साध संगति पाइऔ वडभागी
गुरमुखि हरि हरि नाम कहो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुनदेव जी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि बहुत अधिक कमा लेने से ही हमें सुख मिलता रहेगा ऐसा नहीं होता न ही आत्मिक आनंद की प्राप्ति ही होती है न ही हमारी तृष्णा भी खत्म होती है-

सहज खटे लखि को उठि धावै।
तृप्त न आवै माया पौहे पावै।।

अगर हम दस हजार कमा लेते हैं तो हमारी तृष्णा एक लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ती है लाख कमाने पर करोड़ कमाने की इच्छा प्रबल हो उठती है। इस तरह हमारी तृष्णा कभी खत्म नहीं होती। फिर आप फरमाते हैं कि ज्यादा नाटक चेटक देखने से नाच गाने देखने सुनने से, टीवी वगैरह देखने से भी हमारे मन को शांति नहीं मिल सकती। बल्कि हमारी उत्सुकता और बढ़ती जाती है। एक नाटक देखा तो दूसरे की तरफ देखने का मन लग जाता है। एक फिलम देखी तो दूसरी, देखने की इच्छा हो जाती है और हम उसी में उलझते रहते हैं। मन अशांत ही रहता है। अगर हम देश भ्रमण करने पर निकल पड़े कि मन में शांति प्राप्त हो सके तो एक प्रदेश देखने पर ऐसी इच्छा हो जाती है कि इसके बाद दूसरा कौन सा देश देखा जाय इस तरह पूरे प्रदेश भ्रमण करने पर विदेश भ्रमण करने की इच्छा जागृत हो जाती है और हम इस तरह भ्रमण ही करते रहते हैं पर मन हमारा अशांत ही रहता है अगर हमारा मन प्रभु सिमरन बंदगी में रम गया तो फिर हमें और कहीं भटकने की जरूरत नहीं रहती। प्रभु सिमरन बंदगी करते रहने पर हमारे मन में सच्ची शांति प्राप्त हो जाती है। फिर हमें किसी किस्म का दुख क्लेश नहीं रहता क्योंकि प्रभु परमात्मा का दर तो बेगमपुरा है जहां किसी भी किस्म का गम नहीं है। हमेशा आनंद ही आनंद है। इसलिए हमें गुरमुख बनकर प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाना चाहिए। साध संगत में जाने पर हमारा मन शनै: शनै: प्रभु सिमरन बंदगी में रमने लगेगा हमारे अच्छे कर्म होंगे तभी हमें सच्ची साध संगत मिलेगी अगर हम सांसारिक मोह माया में ही रहे बुरी संगत में ही पड़े रहे तो फिर हमारा कल्याण होना असंभव है। इंसान की ऐसी आदत है उसे जैसी जैसी संगत मिलती रहती है वह उसी तरह पलटता रहता है। हम जो भी इस संसार में कर्म कर रहे हैं उसी के अनुसार हमें प्रभु परमात्मा ने इनाम या दंड देना है क्योंकि धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त आप हमारे द्वारा किए जा रहे प्रत्येक कर्म का लेखा जोखा रखते हैं उसी के अनुसार हमें दंड या इनाम मिलने वाला है-

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचै धरम हदूर।
करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर।।
उसलिए गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि-
जिनी नाम धिआइया गये मसकत छालि।
नानक ते मुख उजले केती छुइही नालि।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

बुद्धिमान लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को क़ानून व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। दिक्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त क़ानून की मांग करने लगते हैं।

इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, ख़तरों से खेलता है। जैसे कि नुक़सान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज़्यादा खाना, यानी किसी मर्ज़ को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो इससे निपटने का एक ही तरीक़ा लोग बताते हैं, क़ानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सज़ा का प्रावधान या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त क़ानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है। हिंसा को इंसान का जन्मजात बर्ताव मान लिया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता। सोच यही है कि जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हें सही रास्ते पर नहीं लाया जा सकता इसलिए सख़्त क़ानूनों की बात ही की जाती है। सऊदी अरब और ईरान में कई जुर्मों के लिए मौत की सज़ा है मगर अपराध तब भी नहीं रुकते। भारत में भी कई अपराधों के लिए मौत की सज़ा मिलती है। मगर वो जुर्म अब भी होते हैं।

हिंसा से किस प्रकार बचा जा सकता है? आज देश के जातीय दंगों के संदर्भ में, यह उद्धरण दो समुदायों के बीच संघर्षों को सुलझाने में कूटनीति और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिंसा का सहारा लेने के बजाय, जिसके सभी संबंधित पक्षों के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, बुद्धिमान नेता बातचीत और समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। प्राय: पड़ोसी राज्यों या धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष अक्सर होते रहते हैं, इसलिए हिंसा की घटनाओं को कम करने की दिशा में क्षेत्रीय एकीकरण एक महत्वपूर्ण प्रगति है। दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की संभावना के बारे में निर्णय लेने वालों की अनभिज्ञता के कारण अक्सर दंगा या हिंसा होती है। इस प्रकार यह संभव है कि सामुदायिक विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक, शांतिपूर्ण तकनीकों को विकसित और संस्थागत बनाकर और राज्यों को उनका उपयोग करने के लिए राजी करके दंगों की रोकथाम में योगदान दे सकते हैं।

**सत्यवान सौरभ**

# जलभराव में चौपट हुई धान की फसल, मुश्किल में अन्नदाता

**पन्ना, देशबन्धु।** वैसे तो बारिश किसानों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होती लेकिन कभी कभार यह बारिश किसानों के लिए मुसीबत भी बन जाती है। जैसा कि पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 25 कुंजवन में देखने को मिल रहा है। लगभग 5 दिनों से चल रही झमाझम बारिश के दौरान नृपत सागर तालाब का पानी बढ़ने से लगभग आधा सैकड़ा किसानों के खेता में जलभराव के कारण धान की फसल पूरी तरह से चौपट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। परेशान किसानों ने बताया कि हर वर्ष तालाब के बेस्ट बीयर में 15 अगस्त के बाद पटिया लगाई जाती थी लेकिन इस बार पहले से ही चारों पटिया लगा दी गई है जिससे अत्यधिक जलभराव होने से धान की फसल चौपट हो रही है।

इस संबंध में नगर पालिका कार्यालय में शिकायत करने के बाद भी पटिया नहीं खोली गई। धान सड़ना सुरु हो चुकी है। संजय विश्वास सहित लगभग आधा सैकड़ा किसानों में अपनी समस्या बताते हुए शासन प्रशासन से मामले की जांच करवाकर उचित क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अपेक्षा की है।

## सैकड़ों फिट उंचे जल प्रपात से गिरने से 4 भैसों व एक गाय की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है। कहीं बाढ़ कहीं जलभराव एवं कहीं मार्ग अवरुद्ध होने जैसे हालात निर्मित हो रहे हैं। 5 जुलाई की शाम तेज बारिश के दौरान पंचम सिंह यादव उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम जरधोवा की 4 दुधारु भैसें एवं 1 गर्भवती गाय जंगल से चर कर लौटने के दौरान उमरझाला पटपरा नाला एवं बांध के बेस्ट बीयर के पानी के तेज बहाव की चपेट में आने के कारण सैकड़ों फिट ऊंचे जलप्रपात से नीचे गिर कर काल के गाल में समा गई हैं। पंचम सिंह यादव और उनके पुत्र जहान सिंह यादव जब अपनी भैंसों व गाय को तलाशते हुए जंगल पहुंचे तो भैंसों और गाय को जलप्रपात के नीचे मृत अवस्था में देखा और इसकी लिखित सूचना बराछ चैकी और पन्ना तहसील में देकर शासन प्रशासन से छतिपूर्ति की गुहार लगाई है। बताया गया है कि पंचम सिंह यादव के परिवार का भरण पोषण पूरी तरह से पशु पालन व्यवसाय पर निर्भर है। जो दुधारू भैंस और गाय की मौत से आहत है और परिवार का भरण पोषण भी संकट में आ गया।

# भयावय वर्तमान से मुक्ति पाने गौरवशाली अतीत को पुन: स्थापित करने होगा संघर्ष: जगदेव सिंह

**पन्ना, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को जिले में इस बार वृहद कार्यक्रम की तैयारियां की जा रहीं है। आदिवासी वनवासी दलित अल्पसंख्यक महासंघ मध्यप्रदेश के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विगत दिनों आदिवासी समाज पर हो रहे लगातार अन्याय व अत्याचार से दुखी समाज के लोगों को उनकी शक्ति का अहसास कराने बृहद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महासंघ विगत 20 वर्षों से आदिवासियों के हक अधिकारियों के लिए संघर्ष करता आया है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में आदिवासी समाज के साथ खड़े होने की बेहद जरूरत है। यही कारण है कि इस बार विश्व आदिवासी दिवस पर जन पंचायत व शपथ समारोह आयोजित किया जा रहा है। महासंघ के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह खज्जूराजा ने कहा कि भयावय वर्तमान से मुक्ति पाने गौरवशाली अतीत को पुन: स्थापित करने संघर्ष किया जायेगा। जिले के रैपुरा तहसील के ग्राम सिहांरन में आदिवासी वनवासी दलित अल्पसंख्यक महासंघ के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निणर्य लिया है। कार्यक्रम के दौरान जन पंचायत व शपथ समारोह 9 अगस्त बुधवार प्रात: 11 बजे से सायं 6 बजे सिहारन में आयोजित होगा। पूरे वर्ष आदिवासी वनवासी भाईयों को अपने हकों को पाने और अपने ऊपर होने वाले शोषण, अत्याचारों को रोकने, गांधीवादी तरीकों से लड़ने के लिए जाग्रित किया जायेगा। साथ ही साथ बड़ा देव की शपथ लेकर आगे भी संगठन को मजबूत करने और संविधान के तहत प्राप्त अधिकारो को पाने संघर्ष किया जायेगा। वर्ष 2006 से संगठन लगातार जन जागरण, धरना, प्रदर्शन, आम सभाऐं, गिरफ्तारी देने के कार्यक्रम करता आया है। आगे संगठन आदिवासी भाईयों को वनाधिकार अधिनियम के तहत जो सन 2005 के पहले से वन भूमि पर काबिज है, उन सभी को पट्टा मिले, शासन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधायें उन तक पहुंचे, प्रशासन के अत्याचार बंद हो आदि बातों पर चर्चा की जावेगी। संगठन द्वारा तय किया गया कि बड़ा देव पूजन 15 मिनिट, शपथ ग्रहण 5 मिनिट, मणिपुर में मृत हुए आदिवासी भाईयों बहिनों को श्रद्धांजली 5 मिनिट, रोजमर्रा की समस्याओं पर चर्चा 2 घंटा, तत्पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण 2 घंटा, आभार प्रदर्शन 10 मिनिट का रहेगा। आदिवासी अपने गौरवशाली अतीत को पुन: प्राप्त करें, शेष भयावह, वर्तमान हालातो से मुक्ति प्राप्त कर, अपना और अपनी भावी पीढ़ी का सुन्दर भविष्य बनायें इसके लिए संगठन का सतत संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक राजा पटैरिया, संयोजक आनंद मोहन पटैरिया, प्रवक्ता अनीस खान, विधानसभा अध्यक्ष पवई अजय सिंह मरकाम सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस ने 65 लीटर अवैध शराब जप्त की



**पन्ना, देशबन्धु।** नशा मुक्ति के संबध में चलाये जा रहे अभियान को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध शराब का निर्माण, विक्रय, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं एसडीओपी पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरीक्षक घनश्याम प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में अपने विश्वासनीय मुखबिर तंत्र को थाना क्षेत्र में सक्रिय किया गया, 5 अगस्त को मुखबिर द्वारा ग्राम खरमोरा में अवैध शराब रखने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताए स्थान पर पुलिस टीम के साथ पहुंच कर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम खरमोरा में आरोपी घनश्याम सिंह राठौर पिता हरगोविन्द राठौर अपने घर के सामने आम रोड पर प्लास्टिक के पांच डिब्बों में हांथ भट्टी से बनी महुआ की कच्ची शराब 65 लीटर कीमती 13000 रुपए की मौके पर जप्त की, आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट का अपराध क्रमांक 147/2023 पंजीबद्ध किया कर विवेचना में लिया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक घनश्याम प्रसाद मिश्रा, संतोष मसराम, भैयामन सिंह, लखन लाल प्यासी, कमलेश व्यास, बृजेंद्र सिंह, नितेश असाटी, महेश विश्वकर्मा, विनोद डावर, रश्मि गौर की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# कुलपति के कमरे के पास पहुंची बाघिन, कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के कलियासोत के पास जागरण यूनिवर्सिटी में एक बाघिन शनिवार तड़के कुलपति के कमरे के पास पहुंच गई। इससे कर्मचारी दहशत में आ गए। उन्होंने भागकर जान बचाई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

बाघिन टी-123 के चार शावक भी है, मां के साथ ही घूमते हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संभवत: बाघिन शिकार की तलाश में अंदर आ गई। तीन दिन पहले भी उसने एक जंगली जानवर का शिकार किया था। बाघिन के मूवमेंट के बाद से ही वन विभाग का अमला यूनिवर्सिटी के अंदर गश्त कर रहा है और विशेषज्ञ भी इसदौरान मौजूद हैं। एसडीओ आरएस भदौरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय पसिर की तार फेंसिंग ऊपर-नीचे है। इसलिए प्रबंधन को समझाइश दी गई है कि वे फेंसिंग ठीक करवा लें। रविवार को टीम फिर से फेंसिंग की जानकारी लेगी। उसे व्यवस्थित कराया जा सके। वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन के 2 शावक ढाई साल के हो चुके हैं, जो अब अपना एरिया बढ़ा रहे हैं। केरवा-कलियासोत इलाके में उनका मूवमेंट देखने में आता है। वहीं 2 अन्य शावक करीब 8 महीने के हैं वे बाघिन के साथ ही रहते हैं। शावकों की खुराक भी बढ़ी है। इसलिए हर दूसरे-तीसरे दिन बाघिन और शावक शिकार कर रहे हैं।

## कूनो में शिकार करने आए 10 शिकारी गिरफ्तार

**श्योपुर, देशबन्धु।** कूनो अभ्यारण्य में शिकार करने आए 10 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। ये शिकारी श्योपुर सहित गुना, राजस्थान के हैं। वन विभाग ने शिकारियों से हथियार भी बरामद किए हैं।

जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र कराहल करियादेह के आरक्षित वनक्षेत्र में अवैध कटाई कर अतिक्रमण करने एवं अवैध शिकार का प्रयास करने वाले 10 शिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 2 नग कुल्हाड़ी एवं वन्य पक्षियो का शिकार करने हेतु गोफन व शिकार हेतु वनक्षेत्र में लगाये गये 5 फंदे जप्त किये। सभी शिकारियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में लालजी पुत्र धूलिया पटेलिया उम्र 80 वर्ष ग्राम सलैयाराय तह बमौरी जिला गुना, रामसिंह पुत्र तेजिया भील, उम्र 53 वर्ष ग्राम हाडौता, जिला बारां, हाबू पुत्र मधु भिलाला, उम्र 32 वर्ष ग्राम मरेठा कराहल, जिला श्योपुर, बासू पुत्र किशना भील, उम्र 45 वर्ष ग्राम रानीपुरा, जिला बारा, शेखू पुत्र रणसिंह भिलाला, उम्र 40 वर्ष ग्राम गोपालपुरा गुना, मगन पुत्र छगन भिलाला उम्र 35 वर्ष ग्राम मदनपुर, भूरसिंह पुत्र रीछो भिलाला उम्र 55 वर्ष ग्राम सेमरा जिला बारां, सुरेश पुत्र नवलसिंह मिलाला उम्र 44 वर्ष ग्राम देवरी तह, शाहबाद, जिला बारां, खेमला पुत्र धन्ना पटेलिया, उम्र 58 वर्ष ग्राम कलेसरी तह, गुना जिला गुना, प्रेमा पुत्र कोदर पटेलिया उम्र 75 वर्ष ग्राम डोंगरी गुना हैं।

# इंदौर दुग्ध संघ बनाएगा 3 गुना अधिक मिल्क पाउडर



**भोपाल , देशबन्धु।** इंदौर दुग्ध संघ द्वारा परिसर में प्रदेश का सबसे बड़ा 30 एमटीपीडी क्षमता का नवीन दुग्ध चूर्ण (मिल्क पाउडर) संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। लगभग 77 करोड़ रूपये से स्थापित होने वाले प्रदेश के इस सबसे बड़े संयंत्र में शुक्रवार को सबसे महत्वपूर्ण भाग ड्राइंग चेम्बर की स्थापना अत्यंत सावधानी और सुरक्षा के साथ सफलतापूर्वक की गई। संयंत्र स्थापना का लगभग 27 करोड़ रूपये दुग्ध संघ स्वयं के स्त्रोत से और 50 करोड़ रूपये राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से जीका (जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी) परियोजना के ऋण से किया जा रहा है।

इंदौर दुग्ध संघ द्वारा वर्ष 1982 से 10 एमटीपीडी क्षमता के दुग्ध चूर्ण संयंत्र द्वारा मिल्क पाउडर का उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान संयंत्र से एक किलो मिल्क पाउडर की लागत 28 से 30 रूपये प्रति किलोग्राम आती है। वहीं विश्व स्तरीय कंपनी टेट्रापेक के इस नवीन संयंत्र की स्थापना से यह लागत मात्र 15 से 18 रूपये प्रति किलोग्राम तक कम हो जाएगी, साथ ही मिल्क पाउडर की गुणवत्ता और बेहतर हो जाएगी।

पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि इंदौर दुग्ध संघ के इस संयंत्र में मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के अन्य दुग्ध संघों के सरप्लस मिल्क (अतिरिक्त दुग्ध) से भी न्यूनतम लागत के गुणवत्तायुक्त दुग्ध चूर्ण का उत्पादन हो सकेगा। पशुपालकों को इससे अतिरिक्त लाभ मिलेगा। किसानों से अधिक दूध खरीदा जाकर उन्हें उसका उचित दाम मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

## शहीद सैनिकों की वीर नारियों का सम्मान

**भोपाल, देशबन्धु।** सुदर्शन चक्र कोर बैरागढ़ सैन्य स्टेशन पर देश और देशवासियों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की वीर नारियों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष परिवार कल्याण समिति, मुख्यालय पश्चिम मध्यप्रदेश उपक्षेत्र द्वारा ऑपरेशन, ऑरचिड में शहीद होने वाले सीएफएन स्व. रामस्वरूप की पत्नी श्रीमती सविता देवी, ऑपरेशन रक्षक के शहीद सिग्नल मैन स्व. रमेश कुमार की पत्नी लक्ष्मी बाई, सिक्किम भू-स्खलन राहत कार्यों में शहीद नायक स्व. दिनेशचंद्र की पत्नी श्रीमती गुणमाला देवी और आसाम के रिह्नो ऑपरेशन में शहीद नायक चन्द्रभूषण अवस्थी की पत्नी श्रीमती शांति देवी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भोपाल के शहीदों की वीर नारियों तक पहुँचना और उनको अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।


**कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर (म. प्र.)**

दूरभाष नं. कार्यालय 07582-228042 ईमेल - seressagar@mp.gov.in

क्रमांक / 1107 / निविदा / ग्रा. यां. से. / 2023 सागर दिनांक 01. 08.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 06 एवं 07/2023-24

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2/3 (दो / तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :

| क्रं. | ग्रायांसे संभाग | टेण्डर आई.डी. नंबर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण का क्रम | Covers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | पन्ना | 2023_RES_ 295 356_1 | बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर पन्ना | 22.45 | प्रथम | दो लिफाफा पद्धति |
| 2 | पन्ना | 2023_RES_ 295 357_1 | वाहन पार्किंग शेड एवं वाहन चालक वेटिंग निर्माण संयुक्त कलेक्ट्रेट पन्ना | 22.44 | प्रथम | |
| 3 | दमोह | 2023_RES_ 295 359_1 | ग्रेवल रोड एवं पुलिया निर्माण कार्य मेन रोड से टिकरिया वि.ख. बटियागढ़ | 64.91 | द्वितीय | तीन लिफाफा पद्धति |
| | | | योग | 109.80 | | |

कुल योग राशि रू. 109.80 लाख ( रु. एक करोड़ नौ लाख अस्सी हजार मात्र)

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। अमानत राशि (EMD) ऑनलाईन **(As per Tender website link Bank / Onlile)** जमा ही मान्य की जावेगी । अमानत राशि ऑफ लाईन मान्य नहीं की जायेंगी । निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 03.08.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक **14.08.2023** समय **5.30** बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) 'ब' (Cover-2) एवं 'स' (Cover-3) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (**Submit**) करने होगें । निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी । समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा

**( महेन्द्र सिंह ठाकुर )**
**अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**सागर मण्डल सागर मो.नं. 9425863143**

**जी-17872/23**


# सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी कार्यकर्ता : तोमर

केन्द्रीय मंत्रियों ने मुरैना जिले के पोरसा और अंबाह में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है। हम सभी को संगठित होकर अपने बूथ की मजबूती के लिए प्रयास करना चाहिए। हमारी केंद्र व राज्य सरकारों ने गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं लागू की हैं। उन योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं और जनता से जीवंत संपर्क रखते हुए 2023 और 2024 में होने वाले चुनावों में जीत हासिल करें। यह बात केंद्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव तथा केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्रसिंह तोमर ने शनिवार को मुरैना जिले की पोरसा एवं अंबाह विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर कहा कि चुनाव का समय नजदीक है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय होकर बूथ में संपर्क करें। जिस प्रकार बीते चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं ने कमल के फूल को अपना प्रत्याशी मानते हुए पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाई, उसी तरह इस बार भी उससे बड़ी जीत हासिल करने का प्रयास करें। श्री तोमर ने कहा कि बूथ हमारे संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है।

इसलिए सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाते हुए कार्यक्रम आयोजित करें। पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क करें तथा चुनाव के काम में उनका मार्गदर्शन और सहयोग लें। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाएं तथा इन योजनाओं के हितग्राहियों से लगातार संपर्क रखें। हम इन गरीब कल्याण की योजनाओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत से चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री श्री रामरूप सिंह तोमर एवं नगर मंडल अध्यक्ष श्री रामकुमार गुप्ता ने किया।

## केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें : भूपेंद्र यादव

केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री भूपेंद्र यादव ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित दल है। हमारा प्रत्याशी कोई भी हो, लेकिन हमें यह ध्यान रखना होगा कि हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है, जिसे जीत दिलाने के लिए हमें पूरे समर्पण के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए काम करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर संगठन का कार्य करना है और जनता में भारतीय जनता पार्टी सरकारों के लोककल्याणकारी योजनाओं को बताना है। हमें बूथ स्तर पर पहुंचकर प्रत्येक कार्यकर्ता से संपर्क कर तथा जनता का समर्थन हासिल करते हुए चंबल क्षेत्र में अधिक से अधिक विधानसभा सीटें जीतने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह से यह प्रतीत होता है कि आने वाला विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी चंबल संभाग की सभी सीटों पर भारी बहुमत से विजयी होगी।

## कांग्रेस के सैकडों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता, जिला संयोजक श्री वल्लभ दंडोतिया, विधानसभा संयोजक श्री गजेंद्र सिंह तोमर, विधायक कमलेश जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष पोरसा श्रीमती अंजलि जैन, अंबाह नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमा देवी तोमर, जनपद अध्यक्ष पोरसा श्रीमती अनुराधा देवेश तोमर, जनपद अध्यक्ष अंबाह श्रीमती मधुरिमा तोमर, पूर्व विधायक कमलेश सुमन, सत्यप्रकाश सखबार, साहिब सिंह तोमर, जीनेश जैन सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.- 17/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 02.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है:-


| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | का कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_ PWDRB_ 296130_1 | द्वितीय आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) कुल लम्बाई. 12.70 कि.मी. अनुमानित लागत रू. 1314.34 लाख<br>1- वेदवारा से दरियाटोला केलवास मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.80 कि. मी अनु. लागत 270.32 लाख<br>2. सावलखिरिया से गौरिया बाबा मंदिर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य विधुतीकरण कार्य सहित लं. 2.60 कि.मी अनु. लागत 250.44 लाख<br>3- रेवझा से बरोदा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.60 कि.मी अनु. लागत 1253.35 लाख<br>4- रहली सूर्यादेव मंदिर से मरकान मस्जिद, तकिया मस्जिद बायपास मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 0.70 कि.मी अनु. लागत 161.10 लाख<br>5- बडगान से परक मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 4.00 कि.मी अनु. लागत 378.63 लाख | सागर | 1314.34 | 1000000/- | 30000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे ।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 03.08.2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 18.08.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**जी-17893/23** **मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

## जिले की बहुचर्चित खरगापुर विधानसभा में दिलचस्प मुकाबला होने के आसार

# भाजपा से टिकिट को लेकर आश्वस्त राहुल सिंह



• विष्णु दयाल श्रीवास्तव

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** जिले की बहुचर्चित खरगापुर विधानसभा सीट में इस बार दिलचस्प मुकाबला होने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस सहित सपा और बसपा का भी अच्छा खासा वोट बैंक होने के चलते यह सीट हमेशा चर्चा में रहती है। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय नेता साध्वी सुश्री उमा भारती के भतीजे राहुल सिंह लोधी का टिकिट पक्का माना जा रहा है तो कांग्रेस से पूर्व विधायक श्री चंदा सुरेंद्र सिंह गौर तथा जतारा विधानसभा से विधायक रहे स्व. ठाकुर दास बैरवार के पोते तथा कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी अजय सिंह यादव ताल ठोक रहे हैं। इसके अलावा प्यारे लाल सोनी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष भक्ति तिवारी के भी मैदान में उतरने के कयास लगाए जा रहे हैं। इस सीट पर जातिगत समीकरणों का अच्छा खासा दबदबा माना जाता है। खरगापुर विधानसभा में अहिरवार समाज के सर्वाधिक मतदाता हैं, इसके अलावा लोधी और यादव समाज भी बहुतायत में है। पिछले दो पंचबर्षीय की बात करें तो वर्ष 2013 में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी को 5677 मतों से शिकस्त देकर विधानसभा का नेतृत्व किया था। वर्ष 2013 के चुनाव में कुल 1 लाख 38 हजार 698 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को 59771 तथा निकटतम भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी को 54094 मत प्राप्त हुए थे। निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने 12195 मत प्राप्त करके राहुल सिंह की जीत में रोड़ा अटका दिया था। इसके पश्चात वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 1 लाख 58 हजार 609 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह को 63066 मत प्राप्त हुए तथा इनके कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को 51401 मत ही प्राप्त हो सके और इस प्रकार भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह को 11665 मतों से जीत हासिल हो गई। वर्ष 2018 में चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार में अहम योगदान पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय यादव तथा निर्दलीय प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी का रहा। इस चुनाव में सपा प्रत्याशी अजय यादव को 15366 तथा निर्दलीय प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी को 13258 मत प्राप्त हो गए। इन दोनो प्रत्याशियों को कुल 28624 मत प्राप्त होने से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को काफी नुकसान हुआ।

### विकास कार्यों के आगे कितनी बेअसर हो पाएगी एंटी इंकमबेंसी

सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायक राहुल सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के आगे एंटी इंकमबेंसी कितनी बेअसर हो पाएगी, यह तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के रुष्ट नेता और क्षेत्र की जनता ही तय करेगी। वर्तमान में यदि देखा जाए तो भाजपा के लिए राह आसान नजर नहीं आ रही है। भाजपा के निष्ठावान नेताओं की विधायक जी से दूरी बनाए रखना काफी कुछ बयां कर रहा है। जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में विधायक राहुल सिंह का सीधा हस्तक्षेप भाजपा के कई नेताओं को नागवार गुजरा है। क्षेत्र के कई भाजपा नेताओं को विधायक के हस्तक्षेप के कारण जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा सरपंची के चुनाव में मुंह की खानी पड़ी है। पंचायत चुनावों में करारी हाल झेल चुके यह भाजपा नेता बेसब्री से विधानसभा के चुनाव का इंतजार रहे हैं।

### कांग्रेस से श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह और अजय यादव की दावेदारी

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता अजय सिंह यादव बैरवार द्वारा जोर शोर से टिकिट पाने के लिए जोर आजमाइश की गई लेकिन पार्टी द्वारा श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया गया था। इस बार पिछले काफी समय से अजय सिंह यादव विधानसभा क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करवा रहे हैं। संगठन में अच्छी पकड़ होने के चलते उनका दखल देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी से टिकिट पाने के लिए अजय सिंह यादव तथा पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर भोपाल से लेकर दिल्ली तक कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में भी दोनो नेता कांग्रेस की नीतियों और रीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए अपनी जमीन मजबूत होने का दावा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोनो नेताओं के समर्थक अपने-अपने नेताओ के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं।

# जमड़ार नदी में डूबे युवक विकास का 40 घंटे बाद मिला शव



### शुक्रवार की सुबह 2 युवकों की डूबने से हुई थी मौत, एनडीआरएफ की टीम करती रही सर्चिंग

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शिव धाम कुंडेश्वर की जमडार नदी में डूबे विकास यादव का शव शनिवार की रात एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। शनिवार सुबह से नदी के कुंड में गोताखोरों की टीम विकास की तलाश में जुटी रही। इस दौरान ग्वालियर से 6 गोताखोरों की टीम को भी बुलाया गया। गोताखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर गहरे पानी में जाकर खोजबीन की, लेकिन शाम तक सफलता हाथ नहीं लगी। शुक्रवार को आदेश विश्वकर्मा और विकास यादव नदी के कुंड में डूब गए थे। एसडीआरएफटीम ने आदेश विश्वकर्मा के शव को शुक्रवार की सुबह ही बाहर निकाल लिया था, लेकिन विकास का कोई पता नहीं चला था। शनिवार को एक बार फिर एसडीआरएफ टीम ने सुबह से नदी के कुंड में विकास की तलाश शुरू की। ग्वालियर से आए 6 गोताखोरों की टीम ने ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर गहरे पानी में काफी देर तक खोजबीन की। इस दौरान नदी के घाट पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा रही। शाम 6 बजे के बाद गोताखोरों की टीम ने सर्चिंग अभियान बंद कर दिया। पुलिस के जवान नदी और कुंड के चारों ओर नजर बनाए हुए थे। शनिवार की रात विकास का शव नदी में दिखाई देने पर एनडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया और टीम ने तत्काल शव का बाहर निकाल लिया। गौरतलब है कि युवक आदेश विश्वकर्मा और विकास यादव भारतीय सेना में शामिल होने के लिए अग्निवीर की तैयारी कर रहे थे। दोनों युवक अग्निवीर की लिखित परीक्षा में पास हो गए थे और फिजिकल टेस्ट की तैयारी में जुटे थे। शुक्रवार सुबह 20-25 युवाओं के ग्रुप के साथ दोनों कुंडेश्वर पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन करने के लिए नदी में नहाने लगे और गहरे पानी में जाने से डूब गए थे।

## खेत की रखवाली करने गए किसान के घर में चोरों ने लगाई सेंध

# बक्से का ताला तोड़ कर चांदी के जेवरात सहित ले गए 2 हजार रुपए, जांच में जुटी पुलिस





**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे में बीती रात को अज्ञात चोरों ने मौका पाकर एक मकान से चांदी के जेवरात सहित नगद 2 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्से को बाहर ले जाकर बक्शा का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात व नगद रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। किसान जगदीश पिता भईयन केवट निवासी बीज गोदाम मुहल्ला दिगौड़ा ने बताया है कि शनिवार की रात करीब 11 बजे वह फसल की रखवाली करने के लिए मकान में ताला लगाकर खेत पर चला गया था और मकान के दूसरे कमरे में उसके बच्चे सो रहे थे। जब वह रात करीब 12:30 बजे खेत से लौटकर घर वापिस आया तो मकान का ताला टूटा हुआ पाया। उसने मकान के अंदर जाकर देखा तो सामान फैला हुआ था। बाहर निकल कर देखा तो मकान के बगल में बक्से का ताला तोड़कर चांदी की पायल, बिछुआ, करधौनी सहित अन्य जेवरात एवं नगद 2 हजार रुपए चोर ले गए थे। बक्से में रखा अन्य सामान भी तितर बितर फैला हुआ था। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोर बक्से में रखे हुए जेवरात व नगद रुपये की चोरी कर ले गए। इस घटना को लेकर सुबह से मुहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नाबालिग अपहर्ता को पंजाब से किया गया दस्तयाव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा नाबालिक बालक/बालिकाओ की दस्तयावी हेतु निर्देशत किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या व एसडीओपी टीकमगढ़ सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कुड़ीला उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी के नेतृत्व मे एक टीम गठित कर पंजाब रवाना की गई थी। टीम द्वारा बड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये खाना कुड़ीला के अपराध क्रमांक 165/23 धारा 363 भादवि की अपहर्ता सुरेखा (परिवर्तित नाम) को मण्डी गोबिन्दगढ़ पंजाब से दस्तयाब कर अपहर्ता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। नाबालिग अपहर्ता की दस्तयावी मे थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी, साईबर सैल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक नगाईच, सहायक उप निरीक्षक संतोष तिलगाम, प्रधान आरक्षक 141 अमरचन्द्र, महिला आरक्षक 450 प्रीति पाठक, एनआरएस मिथलेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शनिवार को जतारा आगमन पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में उनका सम्मान करते हुए अध्यापक शिक्षकों की विभिन्न मांगों के निराकरण करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त अध्यापक शिक्षक संवर्ग की राज्य के अन्य कर्मचारियों की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना की जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग की अंशदायी पेंशन के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू की जाये। 12 एवं 24 वर्ष पूर्ण करने वाले अध्यापक शिक्षकों को क्रमोन्नति के आदेश जारी किये जाये। विगत वर्षों में दिवंगत हुए अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवारों के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण नियमों को शिथिल करते हुए शीघ्र किया जाये। प्रदेश के प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ दिया जाये। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के असामयिक दिवंगत या सेवानिवृत्त होने पर राज्य के अन्य कर्मचारियों की भांति ग्रेज्युटी का लाभ दिया जाये एवं इसके अतिरिक्त अनेक मांगों के निराकरण की मांग की गई। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष रविकांत खरे, प्रांतीय मीडिया प्रभारी जगदीश रजक, जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला, अनुराग श्रीवास्तव, उत्तम सिंह पायक, नितिन शुक्ला, बालचंद्र साहू, राजनारायण सिंह, केहर सिंह, अभिनव खरे, मनीष अहिरवार, कृपाराम यादव, रामस्वरूप यादव, शंभूदयाल यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## विवाद पर युवक से मारपीट

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के नदी खिरक मुहल्ले में 5 अगस्त की देर शाम को फसल खा रही गाय को खेत से बाहर निकालने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में चंद्रभान पिता बृजलाल केवट उम्र 55 साल निवासी नदी खिरक दिगौड़ा के साथ मुहल्ले के ही चंद्रभान पिता मोती केवट व उसके पुत्र मोनू केवट ने गाली गलौज करके मारपीट कर दी। घटना में युवक को चोट आ गई। पीड़ित व्यक्ति ने अपने पुत्र प्रकाश केवट के साथ पुलिस थाने में जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया।

## अब तक 503.1 वर्षा दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में एक जून से 6 अगस्त 2023 तक 503.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 6 अगस्त तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ में 631 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 535, बल्देवगढ़ में 464, खरगापुर में 431, जतारा में 396, मोहगढ़ में 595, लिधौरा में 536 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 437 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 6 अगस्त तक 32.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 23 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 41, बल्देवगढ़ में 21, खरगापुर में 17, जतारा में 44, मोहनगढ़ में 50, लिधौरा में 14 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 52 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# नजर बाग मंदिर परिसर में आजाद अध्यापक संघ की बैठक संपन्न



### 13 अगस्त को आयोजित होने वाले अध्यापकों के प्रांतीय सम्मेलन की बनाई रूपरेखा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आगामी 13 अगस्त रविवार को टीकमगढ़ के गुलाब मैरिज गार्डन में आजाद अध्यापक संघ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, इसमें प्रांत अध्यक्ष शिल्पी सिवान शामिल होंगी। यह जानकारी देते हुए आजाद अध्यापक संघ टीकमगढ़ के जिलाध्यक्ष मधुकर उपाध्याय ने बताया कि रविवार 6 अगस्त को नजर बाग मंदिर परिसर में प्रांतीय सम्मेलन की रूपरेखा के लिए जिले के सभी विकास खंडों से बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए और बैठक में प्रांतीय सम्मेलन के संबंध में अपने विचार रखे। संघ के संभागीय अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आजाद अध्यापक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में सरकार से प्रदेश के अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता के साथ समस्त पेंशन विहीन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर आजाद अध्यापक संघ के मूरत सिंह ठाकुर, संजीव मिश्रा, आशीष खरे, राजीव मिश्रा, विवेक खरे, प्रशांत मिश्रा, खेमराज मांझी, मनोज जैन, सत्येंद्र जैन, सुनील त्रिपाठी, आनंद पालेकर, जाहिद नूर, परवीन बानो, वैदेही त्रिपाठी, रितु भट्ट, दीनदयाल अहिरवार, अतुल भट्ट, बादशाह मिश्रा, मोहित मिश्रा, आलोक शर्मा, अमित सोनी, अयोध्या प्रसाद चौधरी, कुंज बिहारी मिश्रा, जयशंकर नापित, नितिन शुक्ला, मिथिलेश चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, राजेंद्र मिश्रा इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिजनों को बिना बताए किशोरी लापता

### पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध किया मामला दर्ज कर शुरू की तलाश

दिगोड़ा। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से नाबालिग किशोरी अपने परिजनों को बिना बताए कहीं लापता हो गई। परिजनों ने किशोरी बालिका को तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर रविवार को किशोरी के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिगोड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार की रात को नाबालिग किशोरी अपने परिजनों को बिना बताए कहीं लापता हो गई। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारी में किशोरी को तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। नाबालिग किशोरी के पिता द्वारा रविवार को पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेडीकोर्ट में हुई युवा संगोष्ठी में वितरण किए डेढ़ सौ पौधे



**मुलताई, देशबन्धु।** गायत्री प्रज्ञा पीठ खेड़ी कोर्ट में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 150 पौधे का वितरण कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आवाहन किया गया। जिसमें उपस्थित परिजनों को शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर विकास खंड समन्वय समिति के गणपति गायकवाड़ ने विकासखंड में निरंतर कार्य करने की बात कही, रामकिशोर बनखेड़े ने युवाओं की भूमिका,,नारायण देशमुख ने युवाओं का लक्ष एवम मिशन की वर्ष भर निरंतर चलाई जाने वाली गतिविधियां, साप्ताहिक गृहे गृह यज्ञ सहित निरंतर साधना, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण आदि पर मार्गदर्शन दिया ,संजू बरोदे ने कैसा हो युवाओं का चिंतन पर अपने विचार व्यक्त किए,अनिल परिहार ने साधना,दिव्यानी मकोड़े ने नारी जागरण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए वही जिला स्तर पर शांतिकुज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर बनी कार्य योजना को नारायण देशमुख द्वारा विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बैतूल विकास खंड समन्वय समिति से पधारे पर्यावरण समन्वयक मधु वर्मा एवं रोशन लाल पटैया, देवेंद्र साहू,अनिल साहू आदि ने किसानों को लाभ की खेती के लिए फलदार पौधे लगाने की प्रेरणा दी साथ ही एक परिजन एक पौधा के अंतर्गत 150 पौधे जिसमे आम, जाम, जामुन, नींबू, आंवला आदि के फलदार पौधे उपस्थित परिजनों एवं किसानों को वितरित कर उन्हें पाल पोस कर बड़ा करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर ग्राम खेडीकोर्ट से जितेंद्र सोनी ,स्नेह राजेंद्र डांगे,इंदिरा मकोड़े,हेमलता सूर्यवंशी,मंजूरी खंडाग्रे, पौनी से साहेबराव बरडे,पांडुरंग खंडाग्रे, साईखेड़ा लिहदा,आदि ग्रामों से परिजन उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**न खुद करते हैं....**दोहराने का दिन है। इसके बाद 9 अगस्त आएगा। यह वह दिन है जब ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोन शुरू हुआ था। महात्मा गांधी ने मंत्र दिया था और भारत छोड़ो आंदोलन ने आजादी की दिशा में भारत के कदमों में नई उर्जा पैदा की। आज इसी से प्रेरित होकर पूरा देश हर बुराई के लिए कह रहा है-भारत छोड़ो। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वी.सी. के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जल, वायु, सड़क और रेल के अधोसंरचना विकास में शानदार काम किया है। आज रेलवे का बजट लगभग ढाई लाख करोड़ रूपए हो गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 1300 स्टेशनों का कायाकल्प होना है और वर्तमान में 25000 करोड़ रुपए की राशि से देश के 508 रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाओं के विकास के लिए निर्माण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व का आभार माना और देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं।

**प्रधानमंत्री ने छप्पर....**सौंदर्यीकरण में स्थानीय कला तथा संस्कृति के तत्वों का समावेश किया जाना चाहिए। पैदल पथ, पार्किंग तथा सुगम यातायात की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही, यात्रियों की सुविधाओं की सतत निगरानी के प्रबंध अवश्य किए जाने चाहिए। रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए विशेष शौचालय, रैम्प इत्यादि के साथ ही उनके उचित देख भाल की व्यवस्था की जाए। स्थानीय कार्यक्रम में विधायक रामेशवर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम आदमी की बहुत चिंता करते है। उनकी जरूरतों को पूरा करने के कार्य अभूतपूर्व गति से हो रहे है। पश्चिम मध्य रेलवे के महा प्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के कार्यों का विवरण दिया। आभार प्रदर्शन अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्रीमती रश्मि दिवाकर ने किया।

**प्रदेश को विकसित....**गया है। कार्यक्रम को सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। रेलवे बोर्ड के अपर महा प्रबंधक रविशंकर सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया। लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व वित्त मंत्री राघव , विधायक हरिसिंह सप्रे, अपर महाप्रबंधक रेलवे श्री रविशंकर सक्सेना, डी.आर.एम. देवाशीष त्रिपाठी, जन-प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।

## सार समाचार

### पूर्व विधायक के पुत्र महिपाल सिंह ने ग्रामों का किया दौरा



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के सुपुत्र महिपाल सिंह राजा ने कनेपुर, केवलारी, ललुपुरा,खेरो बमुरिया, में बाढ़ प्रवाभित क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश से महरी फ्सल खराब हो चुकी है और शाशन प्रशासन का कोई भी कर्मचारी नही आया है महिपाल सिंह राजा ने कहा कि हम सब मिलकर आपकी लड़ाई लड़ेंगे पूरे क्षेत्र में जहाँ भी किसानों की फ्सल बर्बाद हुई है अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और अगर सरकार जल्द ही सर्वे कर किसानों को उचित मुआबजा नही देती है तो कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मिलकर बृहद आंदोलन करेगी।

### समाज सेवा में जुटे राय



दमोह/नोहटा देशबन्धु। बाढ़ से प्रभावित ग्रामों कोटा पूरनहाऊ सुरई बंदना भाजपा जिला उपाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष प्रति विनोद राय द्वारा ग्राम वसियो के लिये इस आपातकालीन स्थिति में आई ड्राप एवं खाद्यान्न सामग्री वितरित की निरंतर जन सेवा भाव से जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद राय द्वारा नि:शुल्क, लकड़ी , दाह संस्कार के लिए एवं अस्थि विसर्जन हेतु नि:शुल्क वाहन भेजा जाता है।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया शिलान्यास

# 25 करोड़ की लागत से होगा रेलवे स्टेशन का पुर्नविकास




**दमोह देशबन्धु।** आज का दिन रेलवे के इतिहास के लिए महत्वपूर्ण दिन है, पिछले 9 वर्षो में जिस प्रकार से रेलवे का विस्तार हुआ है और जिसकी जरूरत आने वाले समय में अत्यधिक होगी, चाहे वह सुरक्षा की बात हो, नई रेलवे लाइनों की बात हो, रेलवे लाइनों के गहरीकरण की बात हो और जिस प्रकार से छोटे स्टेशनों को सुंदर बनाया जा रहा है, सांस्कृतिक विरासत से उसको जोड़कर उसकी पहचान तय हो रही है। इस शुभ काम के लिए यदि मैं किसी एक व्यक्ति को श्रेय दूंगा तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूंगा। जो भी टीम के साथ वह काम करते हैं, एक नए विजन के साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत, हमारी धरोहर, रेलवे की पहचान बने। यह अमृत भारत स्टेशन का मॉडल है। आज 508 स्टेशनों पर वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री ने भूमि पूजन किया है, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस आशय के विचार केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत दमोह रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास के कार्यो एवं दमोह-पथरिया मार्ग पर बीना- कटनी रेल खण्ड के किलोमीटर 1126/7-9 समपार क्रमांक 58 पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेसिंग 508 स्टेशनों के कार्यों का शिलान्यास कर सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम को दमोह रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने देखा व सुना । दमोह रेलवे स्टेशन का पुर्नविकास 25 करोड़ की लागत से किया जायेगा। इसी क्रम में दमोह-पथरिया मार्ग पर बीना- कटनी रेल खण्ड के किलोमीटर 1126/7-9 समपार क्रमांक 58 पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जिसकी लंबाई 1351 मीटर है, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति 37 करोड 54 लाख 82 हजार की लागत से किया जायेगा। इस मौके पर डीआरएम विवेक सिंह, म.प्र. वेयर हाऊस कार्पोरेशन लॉजिस्टिक अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक धर्मेंद्र सिंह, विधायक पीएल तंतुवाय, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, प्रीतम सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, गोपाल पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, हेमन्त छाबड़ा, विद्यासागर पांडे, नरेंद्र व्यास, सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गुरू, पूर्व विधायक लखन पटेल, बिहारी लाल गौतम मंचासीन थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण, सम्मानीय मीडियाजन, छात्र समूह मौजूद रहे।

## कृषि उपज मंडी प्रांगण में महाआरती का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में हर माह की भांति इस माह भी प्रथम रविवार में तहसील जबेरा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मासिक महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। आरती के संचालन ब्रत सिंह ने किया आरती के पहले दो-दो मिनट के मां गुरुवर के जयकारे लगाए गए गुरुवर के जयकारे कुमारी श्रद्धा ने लगाए एवं माता जी के जय कारे जसवंत सिंह ने लगाए आरती में बैठने वाले मां भक्त अमर सिंह, मालती जोगभारती सगोडी प्रीतम योगभारती बंसीपुर रेवती बाई जलहरी संजय राय कोंरता आरती के पश्चात समापन की बेला पर चिंतनों का संचालनघनश्याम विश्वकर्मा ने किया चिंतनों की प्रथम कड़ी में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की जिला सचिव उमा सिंह ने कहा कि हमारे गुरुदेव समाज को संस्कारवान बनाना चाहते हैं क्योंकि बढ़ते हुए अपराधों को संस्कार ही रोक सकते हैं। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक महासचिव भगवत सिंह ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें भगवती मानव कल्याण संगठन से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा के प्रत्याशी डॉ सुजान सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार अभी से वोटों की खरीद-फरोख्त में लगी हुई है लेकिन मध्य प्रदेश की जनता मूलभूत आवश्यकताओं से आज भी वंचित है शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है अतिथियों के सहारे स्कूल चल रहे हैं स्कूल भवन जर्जर हालत में है अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं स्वस्थ व्यवस्थाएं ठीक नहीं है लोगों को बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल नहीं पा रही युवाओं को रोजगार मिल नहीं पा रहा रोजगार ना होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अन्य प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं वर्तमान सरकार की करनी और कथनी में बहुत फर्क है इनके द्वारा समाज कल्याण का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है लेकिन हम आपको आश्वासन देते हैं कि जिस दिन भी हमारी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सत्ता में आती है उसी दिन से जो भी क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताएं है उनको पूरा किया जाएगा हमारा उद्देश राजनीतिकरना नहीं वल्कि समाज की सेवा करना है और समाज सेवा हम लोग 15 वर्षों से कर रहे हैं उसी समाज सेवा का ही परिणाम है कि जबेरा विधानसभा में 20000 से ज्यादा लोग नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चेतनावान और चरित्रवान का जीवन जी रहे हैं।

## अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास जी मन्दिर निर्माण समरसता यात्रा के विषय में जिला अध्यक्ष गणेश जाटव के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दमोह की बैठक सम्पन्न हुई।

11 अगस्त को समरसता यात्रा दमोह मे धरमपुर, बडेपुरा आसाराम तिग्गड़ा, महाकाली चौराहा, धगट चौराहा, पलंदी चौराहा, गाय चौराहा राय, स्टेशन चौराहा, हिरदेपुर होते सागर की ओर रवाना होगी। जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, नगर अध्यक्ष कृष्णा राज, बीडी बावरा, अशोक भारती के अतिथ्य में बैठक हुई। साथ ही रामकुमार जी, महेंद्र अहीरवाल, राजेन्द्र अहिरवार, करण सूर्यवंशी जी, देवेन्द्र चौधरी, सुनील रोहित, प्रभात कछवाहा, अजय कछवाहा, गुलशन जाटव, नीलेश आदर्श, महेंद्र, सुनील, ब्रजेश राज, सोनू राज सहित जेस्ट श्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं।

## एकलव्य विवि में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**दमोह देशबन्धु।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली एवं एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी इतिहास विद्या एवं इतिहास लेखन: प्रविधि, प्रवृत्तियां एवं नवीन आयाम का समापन सत्र में उपस्थित कार्यक्रम के अध्यक्ष दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष, राजकीय उच्चतर शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संकलन योजना के कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय के साथ ही अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के महासचिव हेमंत धिंग मजूमदार एवं एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ प्रफुल्ल शर्मा के सानिध्य में मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर समापन सत्र का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत परिचय राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धिंग मजूमदार ने कराया।



कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया ने व्याख्यान देते हुए भारत को भारत ही कहने पर जोर देते हुए भारत से इंडिया शब्द को अलग करने की बात पटल पर रखी। इन दो दिवसों में राष्ट्र के सभी प्रान्तों से आए लगभग सौ से अधिक सहभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया गया साथ ही अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के सदस्यों द्वारा संगठनात्मक परिचर्चा की गयी। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया, कुलपति डॉ. पवन जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, निदेशक आएक्यूएसी डॉ. पर्ली जैकब, अधिष्ठाता अकादमी शाखा डॉ. अर्चना पाठक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण शाखा डॉ. शैलेन्द्र जैन एवं अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ. अनिल पिम्पलापुरे, अधिष्ठाता डॉ. आर सी जैन, डॉ. निधि असाटी, डॉ. आरती तिवारी के साथ ही सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय ने इतिहास पर वक्तव्य देते हुए बताया कि इतिहास लेखन को जनपद तक पहुंचाना होगा।भारत हिन्दू राष्ट्र था,है और रहेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर ईश्वर सिंह विश्वकर्मा जी ने संकल्प दिलाया कि ऐसे बौद्धिक मंथन अनवरत होते रहना चाहिए। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आए पूर्व राज्य सभा सांसद एवम कुलाधिपति श्री गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय सासाराम ,बिहार श्री गोपाल नारायण सिंह ने एकलव्य विश्वविद्यालय रचनाशीलता की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय में सभागार निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। संगोष्ठी में भारत की विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव के साथ ही वरिष्ठ प्राध्यापकों एवम इतिहासकारों ने सहभगिता की।कार्यक्रम के अंत में एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पवन कुमार जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## इकलौद हाईस्कूल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लैब का उद्घाटन

**सिरोंज, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल इकलौद में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन ने आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत सिंह रघुवंशी जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि राजेश प्रभाकर, अध्यक्षता राजीव दांगी सरपंच ग्राम पंचायत इकलोद थे। मुख्य अतिथि भगत सिंह रघुवंशी ने फीता काटकर आईसीटी लैब का उद्घाटन किया और बच्चों को भविष्य में इसकी उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ घनश्याम मीणा ने बताया की शिक्षा विभाग का यह बड़ा और महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट था जो पिछले सत्र में स्वीकृत होकर इस वर्ष कई स्कूलों में लैब के रूप में स्थापित होकर लागू हुआ। लैब में 10 कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, 65इंच स्मार्ट टीवी, डिजिटल पैड इत्यादि सामग्री लगकर इस समृद्ध और स्मार्ट लैब तैयार हुई। अब नियमित रूप से कालखंड लगाकर बच्चों को इसका प्रायोगिक ज्ञान कराया जायेगा। कंप्यूटर शिक्षण



के लिए कंप्यूटर अनुदेशक की व्यवस्था भी कर ली गई हैं। अब बच्चे भी बड़े उत्साह के साथ सीखने में रुचि दिखा रहे हैं। समाज सेवी विक्रम रघुवंशी ने वर्तमान में कंप्यूटर की आवश्यकताओं और उपयोगिताओं पर प्रकाश डाला। शिक्षक लक्ष्मण सिंह बघेल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य पत्रकार, अभिभावक, समस्त स्टाफ एवं सभी छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शिक्षिका मानसी तिवारी ने एक सुमधुर प्रेरणा गीत गाकर किया।

## विश्वकर्मा महापंचायत ने आयाजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

**सिरोंज, देशबन्धु।** विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मंडल ने सिरोंज में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा ,प्रदेश महामंत्री दीपक विश्वकर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामराज विश्वकर्मा, विदिशा जिला अध्यक्ष राम किशोर विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मंडल रेखा विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, समाज में जन जागरण कर समाज को अधिकार दिलाने का संकल्प लिया गया।



विश्वकर्मा महापंचायत संगठन समाज को सत्ता और संगठन में भागीदारी के लिए संकल्पित है। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनसंख्या का 6.5 प्रतिशत विश्वकर्मा समाज से आता है। हमने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से इसी आधार पर समाज के लिये 5 विधानसभा टिकट को मांग की है।

## दीप प्रज्वलित कर और महिलाओं को तिलक कर मनाया स्तनपान सप्ताह

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल सबलगढ़ के पोषण पुनर्वास केंद्र में दीप प्रज्वलन कर गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को रोली व चंदन लगाकर विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यह सप्ताह वैश्विक रूप से विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। यह अगस्त माह के पहले हफ्ते में 1 तारीख से 7 तारीख तक मनाया जाता है। पूरे सप्ताह मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्तनपान के महत्व को उजागर करना एवं नवजात शिशु के पोषण व समुचित विकास को सुनिश्चित करना है। इस दौरान दुग्धपान के सही तरीके दुग्धपान के लाभ व शिशु को माता के दूध से होने वाले लाभ के विषय में भी सार्थक चर्चा की गई। इस दौरान सीबी एमओ डॉ. वीर सिंह खरे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शरद शर्मा, डॉ केके डंडोतिया, डॉ रेखा रानी गोयल, एनआरसीएफडी मनीषा यादव, फार्मासिस्ट लोकेंद्र कुशवाह, नर्सिंग ऑफीसर तृप्ति मेश्राम, संगीत जामोद, अंकिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। डॉ. वीर सिंह खरे ने बताया कि प्रसूता महिला को बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर शिशु को दुग्धपान अनिवार्य रूप से कराना चाहिए एवं छह माह तक केवल स्तनपान ही कराना चाहिए तथा 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद शर्मा ने बताया कि मां का दूध बच्चे का पहला आहार होता है, जो बच्चे को कई बीमारियों से सुरक्षित रखता है। जो बच्चे ठीक से स्तनपान करते हैं, उनमें डायबिटीज तथा मोटापे की समस्या कम होती है तथा दिमागी रूप से मजबूत होते हैं। जो माताएं अपने बच्चों को स्तनपान कराती हैं, उन्हें ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर का खतरा कम होता है। इसीलिए जन्म के तुरंत बाद ही स्तनपान शुरू कर देना चाहिए। मां के दूध में सभी प्रकार के पोषक तत्व एंटीबॉडीज और एंजाइम्स होते हैं, जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं और संक्रमण से दूर रखते हैं।

### मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, बायरल बुखार के नियंत्रण के लिए सलाह

**मुरैना, देशबन्धु।** मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस-पास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और बायरल बुखार जेसे रोगो के फैलने की संभावना होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि आमजन अपने परिसर के आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुऐं जैसे टीन के डब्बे, कोंच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण करें, कही पर पानी एकत्रित है तो उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था की करें।

## चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारी गलती करेंगे तो माफ नहीं होगी: कलेक्टर

▸ मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ की बैठक हुई आयोजित

**मुरैना, देशबन्धु।** निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कराने में बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका है। यह बात पॉलिटेक्निक कॉलेज मुरैना में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर ऑफिसर एवं बीएलओ से शनिवार को कही। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव कार्य में जो भी अधिकारी लगे हैं, उनकी गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी तरह से अध्ययन कर ईमानदारी के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को संपादित कराने में सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ सभी मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण करें। मूलभूत सुविधाओं एवं पूर्व निर्वाचन के दौरान घटित घटना के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि 2 अगस्त से मतदाता सूची में नाम जोडने्, हटाने एवं संशोधन करने का कार्य जारी है। सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी से पूरी जानकारी लें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर अधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने के पूर्व दो बार सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केंद्रों की सूची एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना है। मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान इस बात की भी जानकारी स्थानीय लोगों से हासिल करें कि पूर्व चुनावों में किसी भी प्रकार की घटना, दुर्घटना, पुनर्मतदान की स्थिति निर्मित हुई है। महिला मतदाताओं का मतदान शत प्रतिशत बढ़वाने का भी मुख्य कार्य है। समस्त बीएलओ प्रतिदिन अपने अपने मतदान केंद्रों पर बैठे, पात्र नवीन मतदाताओं के फार्म जमा कराएं। मतदाता सूची पूरी तरह से त्रुटि रहित होना चाहिए। मतदाता सूचियों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को लेकर भी समस्त बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पानी की सुविधा आवश्यक रूप से उपलब्ध हो। दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित हो। निर्वाचन को लेकर जो जिम्मेदारी बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों को सौंपी गई है, उसे पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सतर्कता के साथ संपादित करें। बैठक में मुरैना एसडीएम बीएस कुशवाह, तहसीलदार बंदना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीआरसी, प्राचार्य, सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### आज से चलेगा 3 चरणों में सघन मिशन इंन्द्रधनुष अभियान

**मुरैना, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 अगस्त 2023 से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023 तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर 2023 एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। इस अभियान के अन्तर्गत टीकाकरण से छूटे हुये 0 से 5 साल तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से टीकाकृत किया जाएगा। डॉ. अजय गोयल ने बताया कि 7 अगस्त से यूविन पोर्टल का भी शुभारंभ हो रहा है, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीकों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा, हितग्राही के मोबाईल पर मैसेस और डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। अभियान की जागरूकता बढ़ाने के लिये ग्रामीण स्तर पर नारे लेखन, माता बैठक, रैली आदि गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

# गढ़पहरा में बनेगा रोपवे, 121 करोड़ से जिले के ब्लैक स्पॉट होंगे खत्मः सांसद

## 22 करोड़ से सागर रेलवे स्टेशन का हवाई अड्डे की तर्ज पर होगा कायाकल्प, भारत में सबसे ज्यादा रेलवे ओवर ब्रिज सागर में, सागर से नागपुर के लिए ट्रेन होगी प्रारंभ




**सागर, देशबन्धु।** भारत में सबसे ज्यादा रेलवे ओवर ब्रिज सागर में तैयार किए जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित मांग के अनुरूप सागर से नागपुर के लिए ट्रेन प्रारंभ की जाएगी। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गढ़पहरा में रोपवे भी तैयार होगा। साथ ही 121 करोड़ रुपए की जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग में ब्लैक स्पॉट को खत्म किया जाएगा। यह जानकारी सांसद राजबहादुर सिंह ने सागर रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत की 508 रेलवे स्टेशन की अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में दी। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीरपंथी, पद्मश्री राम सहाय पांडे, रेलवे बोर्ड के सलाहकार सदस्य विनोद चौकसे, अनुराग प्यासी, शैलेश केशरवानी, शैलेंद्र ठाकुर, श्याम तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे, क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी मौजूद थे। सांसद राज बहादुर सिंह ने कहा कि सागर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 22 करोड़ से हवाई अड्डे की तर्ज पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण ही आज देश के 508 रेलवे स्टेशनों का 25000 करोड़ से अधिक की राशि से कायाकल्प किया जा रहा है।

सागर रेलवे स्टेशन पर हवाई अड्डे की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग के अनुरूप नागपुर के लिए शीघ्र ही रेल प्रारंभ होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 12 अगस्त के सागर आगमन के दौरान नागपुर के लिए रेलगाड़ी प्रारंभ की जा सकती है। जिले की सीमा से राष्ट्रीय राजमार्ग के 44 के ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए 121 करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं। जिनके माध्यम से 9 स्थानों पर अंडरपास एवं सब वे सड़कें बनाई जाएंगी।

रेलवे स्टेशन पर कायाकल्प अभियान के तहत ओवरब्रिज की चौड़ाई 40 फुट की जाएगी, प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी, एक्सीलेटर लगा, जाएंगे, वेटिंग हाल अत्याधिक वातानुकूलित होगा, पार्किंग सुव्यवस्थित की जाएगी, दोनों प्लेटफार्म पर शेड का निर्माण बढ़ाया जाएगा, शौचालय आधुनिक बनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन का फ्रंट एलिवेशन अत्याधुनिक होगा। जिससे सागर का नाम पूरे भारत देश में अंकित किया जा सके। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान रेलवे स्टेशन से होती है। अब सागर की पहचान भी रेलवे स्टेशन से होगी। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि अप्सरा अंडर ब्रिज में प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे आवागमन में असुविधा न हो। गौरव सिरोठिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सांसद राज बहादुर सिंह का अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए आभार मानते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से सागर का रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सर्व सुविधा युक्त बन सकेगा। इस अवसर पर सुशील तिवारी ने कहा कि आज का दिन सागर के लिए अभूतपूर्व दिन है। भारत की अस्मिता और स्वाभिमान को बनाने में के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में एमएलबी कन्या विद्यालय एवं डीएनसीबी विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## हरियाणा हिंसा के बाद से सागर का युवक लापता

**सागर, देशबन्धु।** हरियाणा के पलवल गुरुग्राम में भड़की हिंसा के बाद से सागर के केसली का युवक लापता है। उसका मोबाइल नंबर बंद है। जिस कारण संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिवार वाले हरियाणा पहुंचे तो युवक रूम पर नहीं मिला। उसके रूम में पर्स, एटीएम कॉर्ड समेत अन्य सामान पड़ा मिला है। मामले में परिवार वालों ने हरियाणा के पृथला क्षेत्र के पुलिस थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। केसली के टंकी मोहल्ला निवासी रामदयाल पटेल ने बताया कि वह पांच भाई हैं। चौथे नंबर का भाई रामचंद्र पटेल है। उसका सिलेक्शन डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जयपुर में नौकरी के लिए हुआ था। इसके बाद उसे पोस्टिंग हरियाणा में मिली। वहां वह रेलवे में ट्रैकमेन था। 31 जुलाई की शाम से रामचंद्र लापता है। उसी दिन वहां हिंसा भी भड़की थी। बड़े भाई रामदयाल ने कहा कि रेलवे के सभी ट्रैकमेन पलवल से 12 किमी दूर पृथला में एक भवन में एक साथ रहते हैं। रेलवे के अधिकारियों से बातचीत में पता चला है कि रामचंद्र के मोबाइल में बैलेंस नहीं था। साथ ही उसके पास पैसे भी नहीं थे। उसने एक अधिकारी से 500 रुपए उधार लिए थे। खाना खाकर लौटने के बाद वह रूम से ड्रेस बदलकर बैलेंस डलवाने के लिए बाहर निकला होगा। तभी से रामचंद्र लापता है। फोन बंद है। हिंसा के बाद पुलिस 31 जुलाई की शाम को ही लोगों को हिरासत में ले रही थी।

## सार-समाचार

### मकरोनिया चौराहे पर वृक्षारोपण किया




**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया चौराहे से बटालियन रोड पर विधायक प्रदीप लारिया, नपा परिषद अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार, विजय गौतम एवं सभी पार्षदो ने मिलकर वृक्षारोपण किया एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मकरोनिया चौराहा से लेकर बटालियन रोड पर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, दिनेश दक्ष, हरलाल साहू, मुख्य नपा अधिकारी सुरेखा जाटव, उपयंत्री अमन जैन, वर्षा साहू नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अशद मप्र मैकेनिक कामगार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष नियुक्त



**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी की सहमति पर मप्र कांग्रेस मकैनिक कामगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरवेज खान ने असद खान को मप्र कांग्रेस मैकेनिक कामगार प्रकोष्ठ का जिला शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में राजकुमार पचौरी द्वारा नवनियुक्त प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशद को नियुक्ति पत्र प्रदान कर पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर जिला शहर अध्यक्ष पचौरी कहा कि आप कांग्रेस पार्टी से जुड़कर पार्टी की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं, मैकेनिक एवं कामगार की समस्याओं से हमे एवं कांग्रेस पार्टी को अवगत कराएं। सरकार बनने के पश्चात सरकार उन्हें हल करने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की होगी। जिला प्रवक्ता डॉ. दिनेश पटेरिया ने कहा कि हमे आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजय बनाना है ताकि हम जन जन की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। कार्यक्रम को शहंशा खान ने भी संबोधित किया। प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशद ने अपने साथियों के साथ जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष पचौरी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शाहरुख खान ने किया।

### संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण का संत संतोष दास ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** बड़तूमा में संत रविदास के मंदिर निर्माण के भूमि पूजन हेतु 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सागर आ रहे हैं, यह सागर के लिए गौरव की बात है। विचार संत संतोष दास ने व्यक्त किये। उन्होंने संत रविदास मंदिर के भूमिपूजन में सागर की जनता से साक्षी बनने के लिए आवाहन किया है। 12 अगस्त को वह ऐतिहासिक क्षण होगा, जब प्रधानमंत्री बड़तूमा में लगभग 100 करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास मंदिर का भूमि पूजन करेंगे।

### कर्मचारियों ने सांसद के घर की बजाई घंटी दिया संदेशः पुरानी पेंशन बहाली करो



**सागर, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता के सजग नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपने जारी अभियान के तहत स्थानीय सांसद के आवास पर पहुंचकर घंटी बजाई एवं ज्ञापन सौंपकर सरकार तक अपना संदेश पहुंचाने का निवेदन किया। जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने एवं पुरानी पेंशन बहाली किए जाने को लेकर गत कई माहों से अभियान छेड़ा जा रहा है और इसी तारतम्य में घंटी बजाओ अभियान के तहत सभी कर्मचारी साथियों ने एकत्रित होकर सांसद राजबहादुर के घर पहुंचकर घंटी बजाई एवं उनको ज्ञापन सौंपकर अपनी बात शासन तक पहुंचाने का निवेदन किया।

## बीटीआईआरटी में आरोहण 23 का भव्य आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** बीटीआईआरटी की पहचान बन चुका बीटेक पास आउट विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक सम्मानित करने का विलक्षण कार्यक्रम आरोहण का आयोजन किया गया। निरंतर बारिश के उपरांत सुहावने मौसम की पृष्ठभूमि में आयोजित कार्यक्रम आरोहण विधायक शैलेन्द्र जैन के मुख्य आतिथ्य एवं बीटी ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस के चेयरमेन संतोष कुमार जैन घड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बीटीआईआरटी के सचिव इंजी. सत्येन्द्र जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया। बीटेक पास आउट विद्यार्थियों को परंपरागत रोब में तीन चरणों में सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन के उपरांत सम्मानित करने का प्रथम चरण आरंभ हुआ जिसमें विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के साथ स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। प्रथम चरण के उपरांत संस्था के प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले ने शैक्षणिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें आपने 2023 के टापर्स चांसलर अवार्ड, ट्रेनिंग, कार्यशाला विभिन्न क्लबस, अतिथि व्याख्यान इत्यादि बिन्दुओं को बखूबी प्रस्तुत किया। आपने 2022 एवं 2023 के प्लेसमेंट को भी रेखांकित किया। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र जैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन का समापन एक प्रचलित शेर पंखो से कुछ नहीं होता है, हौसलों से उड़ान होती है, में उनको मिलती है जिनके पैरों में जान होती है, से किया इसके उपरांत अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित करने का द्वितीय चरण आयोजित किया गया। द्वितीय चरण के उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं बीटी ग्रुप के चेयरमेन संतोष कुमार जैन घडी ने संबोधित करते हुये उल्लेख किया कि हमारा विश्वविद्यालय चूकि भोपाल में स्थित है अत: इस तरह का आयोजन आवश्यक हो जाता है, आपने बीटेक पास आउट सम्मानित विद्यार्थियो से आग्रह किया कि हमारा विजन अपने अलावा समाज, शहर एवं राष्ट्र के विकास का होना चाहिए। इसके उपरांत विद्यार्थियों के सम्मानित करने का तीसरा चरण आयोजित किया गया एवं विभिन्न चरणों में शामिल विद्यार्थियों का सम्मानीय अतिथियों के साथ फोटो सेशन हुआ। कार्यक्रम के संदर्भ में आभार प्रदर्शन संस्था की डिप्लोमा विंग के प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने किया। संस्था के प्रतिष्ठित कार्यक्रम आरोहण का बखूबी संचालन एमबीए विभाग की अध्यक्ष देवज्ञा मुखर्जी एवं प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने किया।

## पं.रविशंकर स्कूल में आयोजित हुई चित्रकला, निबंध, श्लोक एवं गीत प्रतियोगिता



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भ्रमण कार्यक्रम संत रविदास की समरसता यात्रा कार्यक्रम के अनुक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन के द्वारा आयोजित की गई। ईएफए पं.रविशंकर शुक्ल शास.क.उ.मा.वि. में संत रविदास के जीवनवृत पर आधारित चित्रकला, निबंध, श्लोक एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 210 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें ईएफए पं.रविशंकर शुक्ल शा.क.उ.मा.वि. से निबंध प्रतियोगिता में 119, चित्रकला में 40 शा. हाईस्कूल चमेली चौक से चित्रकला में 4, ओम हाईसेकेण्डरी स्कूल से निबंध प्रतियोगिता में 7, सरस्वती शिशु मंदिर मोतिनगर से निबंध में 2 एवं चित्रकला में 1, देवज्ञान स्कूल से चित्रकला में 1,शा.मा.शाला चमेलीचौक से निबंध में 19 चित्रकला में 7, शा. शाला खुशीपुरा से चित्रकला में 3 स्लोक प्रतियोगिता में 2 गीत प्रतियोगिता में 2 तथा शा.शाला राजीवनगर से चित्रकला में 3 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांशुल जैन, जगन्नाथ गोरैया, प्रहलाद पटैल, राहुल वैद्य, मनीष कुमार खरे एवं पं.रविशंकर शुक्ल विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी द्वारा मां सरस्वती जी एवं संत रविदास के पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। शाला में आयोजित इन प्रतियोगिता में शामिल हुई सभी प्रतिभागी छात्राओं के लिए उत्तर पुस्तिका, कार्डशीट, चित्रकला सामग्री विधायक सागर के द्वारा उपलब्ध कराई गई, इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता जगन्नाथ गोरैया अपने उद्बोधन में छात्राओं के प्रतिभा को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया, प्रहलाद पटैल ने इस आयोजन हेतु सभी उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.महेन्द्र प्रताप तिवारी ने संत रविदास के जीवन गाथा का उल्लेख करते हुये कहा कि हमें ऐसे संतो के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर स्वयं को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होनें विद्यालय में चलने वाले विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नाहिद परवीन खान द्वारा किया गया। अतिथियों ने संत रविदास के कार्यक्रम में रेल्वे से प्राप्त प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर संत रविदास के पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली।

## कंटेनर ने स्कूटी सवार दो लोगों को रौंदा



**सागर, देशबन्धु।** देवरी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कंटेनर के पहिए के नीचे स्कूटी फंस गई और करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए गई। जिससे मृतकों के शवों के टुकड़े सड़क पर फैल गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर जब्त किया। वहीं सड़क पर फैले शवों के टुकड़ों को इकट्ठा कर बोरी में भरवाया। मामले में पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर स्थित घुघरी तिराहा के पास स्कूटी सवार दो लोगों को तेज रफ्तार कंटेनर क्रमांक यूपी 21 सीटी 4844 ने टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी व स्कूटी सवार दोनों लोग कंटेनर के नीचे फंस गए। जिससे वह करीब 100 मीटर तक सड़क पर घसीटते हुए गए। घटना में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। वहीं शवों के टुकड़े सड़क पर फैल गए। दुर्घटना देख राहगीर मौके पर पहुंचे। सूचना पर देवरी पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतकों की पहचान संतोष पुत्र राजकुमार पटैरिया उम्र 47 साल निवासी खमरिया रहली और रिंकेश पुत्र केदारनाथ पटेल उम्र 38 साल निवासी जवाहर वार्ड रहली के रूप में हुई है। मामले में शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पुलिस ने रविवार को शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया है। देवरी थाना प्रभारी उपमा सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे पर घुघरी तिराहे के पास कंटेनर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी पर सवार दो लोगों की मौत हुई है। कंटेनर जब्त कर लिया है। मामले में कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान अन्तर्गत जन-जागरूकता रैली निकाली




**सागर, देशबन्धु।** सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के तहत जन जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय परिसर में क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बीएमसी से वापिस जिला चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में डॉ. अभिषेक ठाकुर आरएमओ, डॉ. जितेन्द्र सराफ, डॉ. रोहित पंत शहरी नोडल अधिकारी, जॉली शाबू डीपीएचएनओ, आरके जडिया डीएमईआईओ, सिस्टर टियूटर निशा, हेमराज अहिरवार प्रोजेक्टनिस्ट, बीएमसी की छात्रायें, रावतपुरा नर्सिंग कालेज की छात्रायें एवं एमपीडब्लू छात्र, शहरी आशा कार्यकर्त्ता अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुये। डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि इस अभियान में यू.विन पोर्टल पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का पंयीजन कर टीकाकरण किया जावेगा। कोई बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूम्बर तक चलाया जायेगा। इस अभियान में छूटे हुये 0 से 5 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जावेगा।

## मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया



**सागर, देशबन्धु।** मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई सागर द्वारा पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टिट्यूट में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अशोक मिजाज बद्र, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि टीकाराम त्रिपाठी रुद्र द्वारा की गई। काव्य गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना पूजा के साथ विधिवत् रूप से शुरुआत की गई। उक्त काव्य गोष्ठी का संचालन कवि कुमार सागर द्वारा किया गया। काव्य गोष्ठी में डॉ. नलिन जैन नलिन, पूरन सिंह राजपूत, मुकेश तिवारी, ममता भूरिया, वीरेंद्र प्रधान, प्रेक्टिस फुसकेले, नम्रता फुसकेले, सुमन झुड़ेले, डॉ. महेंद्र खरे, कवि कुमार सागर ने शानदार गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। अशोक मिजाज बद्र, अरुण दुबे अरुण, कमल किशोर मौर्य दानी, असगर प्याम, सीएल कंवल, आदर्श दुबे के द्वारा शानदार गजलों की प्रस्तुति दी गई। संस्था के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी द्वारा संबोधन के साथ काव्य गोष्ठी में उपस्थित सभी साहित्यकारों का श्रोताओं का आभार प्रकट किया। श्रोता के रूप में चंद्र कुमार, रवि दुबे, शिव कुमार कुशवाहा, महेश अहिरवार और पवन कुशवाहा उपस्थित रहे।

## कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा, 15 वर्षीय किशोरी को पत्नी की तरह रखकर किया था दुष्कर्म

**बीना, देशबन्धु।** 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में बीना न्यायालय ने आरोपी को 20 साल की कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में खास बात यह है कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान परिजनों के बयान बदलने के बाद भी न्यायालय ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि बीना थाना क्षेत्र के एक गांव से 6 जुलाई 2021 को एक 15 वर्षीय लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। मामले की जांच करते हुए उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा ने किशोरी के दस्तयाब कर पूछताछ की। इसमें सामने आया कि 21 वर्षीय एक युवक लड़की को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। इस दौरान आरोपी ने लड़की के साथ विवाह कर उसका यौन उत्पीड़न किया। मामले की विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट निर्मल मंडोरिया की न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। करीब दो साल चली सुनवाई के दौरान पीड़ित के माता पिता ने अपने बयान बदल दिए। अभियोजक ने न्यायालय में महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ पीड़ित की डीएनए रिपोर्ट प्रस्तुत की। तर्कों, साक्ष्यों और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को 20 साल की कारावास और पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

## युवती से किया दुष्कर्म

**सागर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने दिल्ली से सागर आकर होटल में युवती के साथ गलत काम किया। मामले में पीड़िता ने थाने पहुंच कर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गोपालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 27 वर्षीय युवती पिछले साल अगस्त माह में पार्लर का कोर्स करने दिल्ली गई थी। जहां उसकी पहचान विजय प्रताप नाम के युवक से हुई। इसके बाद युवती वापस सागर लौट आई। लेकिन दोनों में बातचीत होती रही। इसी बीच विजय प्रताप दिल्ली से 13 मार्च और 14 अप्रैल को सागर आया। सिविल लाइन चौराहे के पास स्थित होटल में ठहरा। जहां उसने युवती को मिलने के लिए बुलाया। युवती पहुंची तो आरोपी ने युवती के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटनाक्रम के बाद पीड़िता ने परिवार वालों को कुछ नहीं बताया। लेकिन आरोपी की हरकतों से परेशान होकर युवती ने मां को अपनी आप बीती बताई। जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## वीरांगना रानी अवंती बाई की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी: गोविंद सिंह राजपूत

### सुरखी विधानसभा क्षेत्र का लोधी क्षत्रिय समाज का सम्मान समारोह आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में जहां एक ओर समरसता यात्राएं निकाल रही हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सम्मेलनों के जरिए समाजजनों को सम्मानित करने का सिलसिला भी चल रहा है। इसी क्रम में लोधी क्षत्रिय समाज का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोधी क्षत्रिय समाज के लोगों ने उपस्थित होकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को आशीर्वाद दिया। मंत्री राजपूत ने समाज के वरिष्ठजनों पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। सम्मान समारोह में लोधी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल सिंह राजपूत, जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी और बड़ा मलहरा विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी समेत समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि लोग बुलाते हैं, भाषण देकर विदा कर देते हैं, लेकिन हमारे परिवार में ऐसी परंपरा नहीं है। हम लोगों को सम्मानपूर्वक बुलाते हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक विदा करते हैं। लोधी समाज का भाव और विश्वास सदैव भाजपा के लिए रहा है। सुरखी में 14 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। भाजपा की सरकार आते ही यह विकास कार्य और भी बढ़ेंगे। जल्द ही सुरखी विधानसभा में वीरांगना रानी अवंती बाई की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने लोधी समाज की मांग पर सागर में 50 लाख रुपए की लागत से छात्रावास निर्माण की घोषणा भी की। जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोघी ने कहा कि सुरखी विधानसभा के सभी क्षेत्रवासी सौभाग्यशाली हैं। हम तो विधायक हैं, लेकिन आपको विधायक के साथ मंत्री भी मिला है। बड़ा मलहरा विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी ने कहा कि आज लोधी क्षत्रिय समाज के सभी का सम्मान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया है। यही वो भाव है, जो भाजपा में मिलता है और यही वो प्रेम के धागे हैं, जो भाजपा परिवार को एक दूसरे से जोड़कर रखे हुए है। लोधी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल सिंह राजपूत ने कहा कि गोविंद सिंह राजपूत ऐसे नेता हैं, जिन पर लोधी समाज विश्वास और उन्हें आशीर्वाद देता आया है। जब वे सुरखी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे, तब उन्होंने अपनी विधायकी की चिंता न करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की अयोध्या यात्रा के दौरान उनका सम्मान किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई का वर्णन अंग्रेजों ने अपनी किताबों में किया है कि वे पुरुषों से ज्यादा साहस उनमें था। उन्होंने सैंकड़ों अंग्रेजों के सिरों को धड़ से अलग कर दिया। ऐसी रानी वीरांगना अवंती बाई के श्री चरणों में प्रणाम करता हूं। उन्होंने संबोधन के दौरान रानी अवंतीबाई का स्मारक बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका अनावरण देशभर के लोधी समाजजनों के समक्ष कराने की बात कही। इस दौरान सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोधी क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।